हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 348, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 11 जून, 2023 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## मुख्यमंत्री योगी ने गन्ना किसानों को किया सम्मानित

### पहले होते थे आंदोलन, अब पहुंच रही यूपी की मिठास

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनियाभर में यूपी अपनी मिठास पहुंचता है। छह साल पहले पर्ची चोरी, घटतौली और आंदोलन का दौर था। किसान अपनी फसल को आग लगाने को मजबूर था। पीएम मोदी ने किसानों के लिए कई रिफार्म लागू किए। इससे बड़ा बदलाव आया। आज यूपी गन्ना एवं चीनी उत्पादन, खांडसारी और इथनॉल उत्पादन में पहले स्थान पर है। अब जरूरत प्राकृतिक खेती की है। पंजाब में बढ़ते कैंसर की बड़ी वजह कीटनाशकों का प्रयोग है। प्राकृतिक खेती से धरती माता के साथ आपकी सेहत भी ठीक रहेगी। मुख्यमंत्री शनिवार को लोक भवन में प्रदेश के उन्नतिशील गन्ना किसानों के सम्मान समारोह और नवनिर्मित भवनों के लोकार्पण के अवसर पर बोल रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि हमने किसानों के साथ चीनी मिल मालिकों की समस्याओं का निराकरण किया। आज 2640 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन करने वाले



किसान कार्यक्रम में मौजूद है, छह साल पहले अधिकारी इसे असंभव कार्य बताते थे। 3171 महिला समूहों में 59 हजार से अधिक महिलाएं काम करके प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में सहयोग कर रही हैं। गन्ना विभाग ने हर साल कुछ नया कर-के दिखाया है। करीब 2,13,400 करोड़ की धनराशि सीधे किसानों के खाते में भेजी गई। करीब सौ चीनी मिलें सात से दस दिन में भुगतान कर रही हैं। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह छपरौली में चीनी मिल शुरू करना चाहते थे। कई सरकारें आई-गईं, हमारी सरकार ने मिल लगाई। इसी तरह बस्ती में गोली चलती थी, आज नई मिल चल रही है। अब मिलें बंद और बेची नहीं जा रही हैं।

**20 जिलों की रिपोर्ट खराब**– चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा कि कोरोना की वजह से पुरस्कार नहीं दिए गए थे, जिनको आज मिल रहे है। छह साल से योगी के नेतृत्व में गन्ना उत्पादन में पूरे देश में प्रथम स्थान है। कोरोना में भी मिलें चलती रहीं। स्वयं सहायता समूह मेहनत कर रहा। रोजगार के साधन खुद तलाश रहे है। कीटनाशक का इस्तेमाल न करें। 20 जिलों की खेती योग्य भूमि बेकार होने की रिपोर्ट है, इसलिए प्राकृतिक खेती करें। भुगतान को जल्द हर हफ्ते कराने की योजना है।

**प्रशस्ति–पत्र देकर किया सम्मानित**– मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 20 सहकारी गन्ना तथा चीनी मिल समितियों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। साथ ही, राज्य गन्ना उत्पादन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, अपर मुख्य सचिव संजय आर. भूसरेड्डी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

**ऐसा ही अधिकारी चाहिए**– योगी ने अपर मुख्य सचिव संजय आर. भूसरेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कोरोना काल में चीनी मिलें चलाने में अहम भूमिका निभाई। पहले लोगों ने कहा था कि ये किसी की सुनते नहीं हैं, गन्ना विभाग नहीं चला पाएंगे। मैंने कहा कि ऐसा ही अधिकारी चाहिए। जल्द सेवानिवृत्त होने वाले हैं लेकिन इनकी सेवाएं अविस्मरणीय रहेंगी।

### भारत ने अरब सागर में दिखाई अपनी ताकत, 35 से ज्यादा विमानों-दो युद्धपोतों के साथ किया युद्धाभ्यास

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना लगातार राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए संकल्प और दृढ़ता के साथ विकसित हुई है। वह लंबी अवधि की संभावित योजनाओं को ध्यान में रखते हुए और मिशन के विस्तार की सीमा को पूरा करने की दिशा में लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। इसी को लेकर वह लगातार युद्धाभ्यास कर रहा है। अब भारतीय नौसेना ने समुद्री विस्तार में निरंतर हवाई संचालन सुनिश्चित करने और भारत के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के लि अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। उसने अरब सागर में 35 से अधिक विमानों और दो युद्धपोतों वाले कैरियर बैटल ग्रुप (सीबीजी) का संचालन कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। भारतीय नौसेना ने अपने बेड़े के कई बड़े- बड़े विमानों का प्रदर्शन किया। नौसेना ने अरब सागर में 35 से अधिक विमानों और दो युद्धपोतों वाले कैरियर बैटल ग्रुप (सीबीजी) के साथ युद्धाभ्यास किया। साथ ही समुद्र में रक्षा बढ़ाने के लिए दो विमान वाहक आईएनएस विकरमादित्य और स्वदेशी आईएनस विक्रांत के साथ-साथ अपने बेड़े के जहाजों और पनडुब्बियों का प्रदर्शन किया। गौरतलब है, ये दोनों विमान हिंद महासागर की रक्षा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका माने जाते हैं।

## अतीक-अशरफ के बाद अब जीवा हत्याकांड से जुड़ा उमेश पाल का नाम, शूटर विजय के चौंकाने वाले खुलासे

लखनऊ। शूटर विजय यादव ने जिस अशरफ का नाम कुबूल माफिया अतीक का करीबी बताया था, दरअसल वह उमेश पाल का करीबी था। अतीक से उसकी अदावत चल रही थी। पहले कभी ये दोनों करीबी थे। ये खुलासा होने पर विजय की बातों पर संदेह होने लगा है कि आखिर उसने अशरफ को अतीक का करीबी क्यों बताया। क्या उसको इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है या फिर ये बयान भी किसी साजिश का हिस्सा है। इसकी गहनता से छानबीन चल रही है।

बृहस्पतिवार को जेल भेजने से पहले पुलिस ने विजय यादव से पूछताछ की थी, जिसमें उसने नेपाल जाने की बात बताई थी। उसने बताया था कि काठमांडू में उसकी मुलाकात अशरफ से हुई थी। उसने बताया था कि उसका भाई लखनऊ जेल में बंद है, जिसको वहां संजीव उर्फ जीवा परेशान कर रहा है। उसे रास्ते से हटाने के लिए 20 लाख की सुपारी दी थी। विजय ने ये भी कहा था कि जो अशरफ है वह माफिया अतीक का करीबी है। सूत्रों के मुताबिक जिस अशरफ का नाम विजय ने लिया है वह कभी पहले अतीक का करीबी हुआ करता था। बाद में उमेश पाल का करीबी हो गया था। ये बात सामने आने के बाद विजय के बयान संदेह के




दायरे में आ गया है। जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया। उससे साफ है कि साजिश बहुत गहरी है। परतें खुलना आसान नहीं है। अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। असल साजिशकर्ता तक अभी तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। ट्रेंड शूटर की तरह से विजय ने संजीव को गोलियां मारीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसकी बेहतर ट्रेनिंग कराई गई। साजिशकर्ता का स्पष्ट निर्देश था कि संजीव बचना नहीं चाहिए। दस पुलिसकर्मियों की अभिरक्षा में संजीव कोर्ट लाया गया था। इसमें से तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। जांच ये भी हो रही है कि मौजूद पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई करने व संजीव को बचाने का प्रयास किया था या नहीं। एसआईटी इस बिंदु को गहनता से जांच रही है। आपको बता दें कि पुलिस हिरासत में लखनऊ के एससीएसटी कोर्ट रूम में बुधवार दोपहर बाद मुख्तार अंसारी के बेहद करीबी कुख्यात अपराधी संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा (50) की हत्या कर दी गई। वकील के लिबास में आए हमलावर ने कोर्ट रूम में ही रिवॉल्वर से ताबड़तोड़ छह राउंड फायरिंग की। इस दौरान दो पुलिसकर्मियों, एक डेढ़ साल की बच्ची व उसकी मां को भी गोली लगी। जीवा पर हमलावर ने पीछे से फायरिंग की। वारदात के बाद वकीलों ने दौड़कर हमलावर को दबोच लिया और पीटकर पुलिस को सौंप दिया। घायलों को ट्रामा में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद आक्रोशित वकीलों ने प्रदर्शन कर पथराव कर दिया। जिसमें एसीपी चौक का सिर फट गया। कई वाहन भी छतिग्रस्त हो गए। आलाधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तब हालात पर काबू पा सके।

## फिरोजाबाद : 15 वर्षीय किशोरी की हत्या, हाथों में कील ठोंकी, निकाल लीं आंखें, बर्बरता देख कांप गए लोग

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है। टूंडला में एक किशोरी का शव मिला है। बताया गया है वो शुक्रवार दोपहर घर से लापता हुई थी। परिजन उसकी रात भर तलाश करते रहे। चरी के खेत में जब लाश पड़ी देखी तो घरवालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। किशोरी की बेहद ही बर्बरता के साथ हत्या की गई। उसके हाथों में कील ठोंकी गई और आंखें भी निकाल ली गईं। शव अर्धनग्न हालात में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



**शुक्रवार से थी लापता**– थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 10वीं छात्रा शुक्रवार दोपहर दो बजे के बाद लापता हो गई थी। परिजनों ने पहले समझा गांव में ही किसी के घर होगी। काफी समय तक जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने गांव में पड़ोसियों, उसकी सहेलियों आदि से जानकारी ली, लेकिन उसका कहीं पता नही चला। परिजन रातभर उसकी हर संभव स्थान पर तलाश करते रहे। सुबह के समय एक ग्रामीण शौच के लिए खेत पर गया, तो चरी के खेत में उसका शव पड़ा देख चीखता हुआ गांव पहुंचा।

**मुंह में ठूंसा कपड़ा**– उसने परिजनों को खेत में किशोरी का शव पड़े होने की जानकारी दी। मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों के अनुसार किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। हाथों में कील ठोंकी गईं और उसकी आंखें भी निकाल ली गईं।

**मामले की जांच कर रही पुलिस**– पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार का कहना है कि किशोरी की गला दबाकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चल सकेगा कि किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है।

## शरद पवार का बड़ा फैसला, प्रफुल्ल पटेल और सुप्रिया सुले को NCP का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया



मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति से एक बड़ी खबर सामने आई है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी संगठन में दो अहम बदलाव किए हैं। पवार ने प्रफुल्ल पटेल और सुप्रिया सुले को NCP का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की घोषणा की है। शरद पवार ने इस घोषणा के साथ ही सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को नए प्रभार भी सौंपे। सुप्रिया को महाराष्ट्र, हरियाणा और पंजाब का प्रभार दिया गया और प्रफुल्ल पटेल को मध्य प्रदेश, गोवा और राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। शरद पवार के इस फैसले को अजित पवार के लिए झटका भी माना जा रहा है। हालांकि, अजित पवार की मौजूदगी में ही यह घोषणा की गई। शरद पवार ने 1999 में उनके और पीए संगमा द्वारा स्थापित पार्टी एनसीपी की 25वीं वर्षगांठ पर यह घोषणा की। पवार ने पिछले महीने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफे की पेशकश की थी, जिसके बाद पार्टी के सदस्यों के साथ-साथ अन्य राजनीतिक नेताओं ने जोरदार विरोध किया था। पवार की पेशकश पर विचार-विमर्श के लिए गठित एनसीपी पैनल ने 5 मई को उनके इस्तीफे को खारिज कर दिया था और उनसे पार्टी अध्यक्ष बने रहने का आग्रह किया था।

## कूरियर कंपनी के माध्यम से करते थे सोना तस्करी, करोड़ों का सोना व लाखों रुपए कैश के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

प्रखर वाराणसी/चंदौली। डायरेक्ट्रेट ऑफ रेवन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम ने चंदौली के पंडित दीनदयाल उपाध्याय (पीडीडीयू) जंक्शन और लखनऊ से चार लोगों को गिरफ्तार करके कूरियर कंपनी के माध्यम से सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपियों के पास से 3.24 करोड़ रुपये मूल्य का 4.8 किलो ग्राम सोना के साथ ही 11 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। चारों तस्करों से पूछताछ की गई, फिर उन्हें शुक्रवार को वाराणसी की अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। डीआरआई की वाराणसी यूनिट को सूचना मिली थी कि कोलकाता से एक तस्कर पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन से सोना लेकर पीडीडीयू नगर जंक्शन आ रहा है। इस पर टीम ने घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया।तलाशी में आरोपी के पास से 70 लाख रुपये मूल्य का 1200 ग्राम सोना बरामद हुआ। तस्कर की पहचान बस्ती के विनय तिवारी के तौर पर हुई। विनय



से पूछताछ शुरू हुई तो उसने बताया कि वह लखनऊ स्थित ब्राइट कूरियर कंपनी में काम करता है। कूरियर कंपनी से जुड़े तीन अन्य लोग भी सोने की तस्करी से जुड़े हैं। विनय से मिली जानकारी के आधार पर ही लखनऊ स्थित कूरियर कंपनी के कार्यालय पर छापा मारा गया। तलाशी में दो करोड़ 54 लाख रुपये मूल्य के जेवर सहित 3.6 किलोग्राम सोना बरामद हुआ। साथ ही 11 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। कूरियर कंपनी से गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान अयोध्या के अतुल गौड़, बस्ती के शिवनाथ और राजस्थान के राजेश कुमार के तौर पर हुई है। चारों तस्करों से पूछताछ में उनके नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में डीआरआई को अहम जानकारियां हाथ लगी है। डीआरआई के अफसरों का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े कुछ अन्य लोग भी जल्द ही गिरफ्तार किए जाएंगे।

## सोनीपत में महापंचायत जारी, साक्षी मलिक का अल्टीमेटम- मुद्दा सुलझने के बाद ही एशियन गेम्स में लेंगे भाग

सोनीपत। सोनीपत में शनिवार को पहलवानों खाप पंचायतों के साथ मिलकर महापंचायत कर रहे हैं। इस महापंचायत में साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया, साक्षी के पति सत्यव्रत कादियान और विनेश फोगाट के पति सोमवीर राठी मौजूद हैं। इस महापंचायत में पहलवान बजरंग पूनिया ने घोषणा की है कि 15 जून तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 16 और 17 जून को दोबारा से कॉल कर-के जगह तय की जाएगी और उसके बाद आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। वहीं, इस महापंचायत में भाग लेने पहुंचीं साक्षी मलिक ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि हम एशियन गेम्स तभी खेलेंगे जब ये सारा मुद्दा सुलझेगा। हम हर रोज जिस मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं उसको आप नहीं समझ सकते। इससे पहले बजरंग पूनिया ने मीडिया से कहा कि खाप पंचायतों के साथ हमारी बैठक है। इसमें सरकार के साथ हुई वार्ता की जानकारी खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों को दी जाएगी। खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों और बिरादरी के चौधरियों के साथ सलाह-मशवरा करने के बाद ही



किसी निर्णय पर पहुंचा जा सकेगा। इस महापंचायत में बीते दिनों खेल मंत्री के साथ पहलवानों के साथ हुई बैठक के संदर्भ में चर्चा होगी। पहलवान सरकार द्वारा दिए समझौता अश्वासन को खाप पंचायतों के समक्ष रखेंगे। इसके बाद फैसला होगा कि खाप पंचायत सरकार के समझौता प्रारूप पर सहमत है या नहीं।

## पीएम मोदी को खड़गे के पत्र पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया है इनटॉलरेंस की मिसाल : पी. चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने ओडिशा रेल हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे AICC प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र को कमजोर करने के लिए कर्नाटक के चार भाजपा सांसदों की शनिवार को आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह किसी भी आलोचना के लिए भगवा पार्टी की 'पूर्ण असहिष्णुता' का एक और उदाहरण है। चिदंबरम ने यह भी कहा कि खड़गे के जवाब में भाजपा सांसदों का पत्र तथ्यों पर सतही और तर्कों पर खोखला था। पूर्व मुख्यमंत्री सदानंद गौड़ा सहित कर्नाटक के चार भाजपा सांसदों ने मोदी को खड़गे के पत्र पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह पत्र में सिर्फ बयानबाजी थी और उसमें तथ्यों की कमी थी। तेजस्वी सूर्या, पीसी मोहन, एस मुनिस्वामी और गौड़ा द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' से प्राप्त तथ्यों के आधार पर पीएम को पत्र लिखना आपके कद के नेता को शोभा नहीं देता है। लेकिन शायद व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के रूप में, आपको फेक न्यूज को तथ्यों के रूप में फिर से गढ़ने के लिए मजबूर किया जाता है। भाजपा सांसदों द्वारा उठाए गए रुख पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, चिदंबरम ने कहा



कि उनकी प्रतिक्रिया किसी भी आलोचना के लिए भाजपा की पूर्ण असहिष्णुता का एक और उदाहरण है। चिदंबरम ने कहा कि खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता होने के नाते प्रधानमंत्री को पत्र लिखने के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2022 में सौंपी गई दो कैग रिपोर्ट खड़गे की तर्कसंगत आलोचना को पूरी तरह से सही साबित करती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने इस सप्ताह की शुरूआत में प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि CBI अपराधों की जांच करने के लिए है, न कि रेल दुर्घटनाओं की और तकनीकी, संस्थागत और राजनीतिक विफलताओं के लिए जवाबदेही तय नहीं कर सकती है। खड़गे ने यह भी कहा था कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के "सभी खोखले सुरक्षा दावे" अब "उजागर" हो गए हैं और सरकार को इस गंभीर दुर्घटना के वास्तविक कारणों को प्रकाश में लाना चाहिए, जिसे उन्होंने भारतीय इतिहास में सबसे खराब दुर्घटनाओं में से एक बताया। मोदी को लिखे अपने चार पेज के पत्र में कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया था कि बुनियादी स्तर पर रेलवे को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय केवल खबरों में बने रहने के लिए सतही टच अप किया जा रहा है।

## जलगांव में भड़की हिंसा, उपद्रवियों ने मंदिर में की तोड़फोड़, पुलिस के साथ मारपीट, धारा 144 लागू

मुंबई। महाराष्ट्र में एक के बाद एक हिंसा के मामले सामने आ रहे हैं। कोल्हापुर में औरंगजेब को लेकर अभी स्थिति सुधरी नहीं थी कि कल बीड जिले के आष्टी शहर में तनाव पैदा हो गया था। वहीं, अब खबर आ रही है कि बीती रात महाराष्ट्र के जलगांव के अमलनेरा में दो समुदाय आपस में भिड़ गए। इतना ही नहीं, यहां तो पुलिस को भी नहीं बख्शा गया। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को इलाके में धारा 144 लागू करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि मामूली विवाद में हिंसा शुरू हुई। अमलनेरा में दीवार पर एक समुदाय के कुछ बच्चे पेशाब कर रहे थे, जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध जताया। इस पर कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग हाथापाई करने लगे। इतना ही नहीं, मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट और पत्थरबाजी होने लगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब दोनों समुदायों से शांत होने को कहा तो उपद्रवी और भड़क गए। उन्होंने पुलिस की टीम पर पत्थरबाजी कर दी। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करनी पड़ी। बाद में, हालात देखते हुए इलाके में धारा 144 लगा दी गई। पुलिस की कई टीमें शहर की गलियों में गश्त कर रही हैं। सूत्रों की माने को हिंसा में 4 पुलिसकर्मियों को चोट पहुंची है। बताया जा रहा है कि हिंसा में शामिल लोगों ने मंदिर और दुकानों में तोड़फोड़ की है। मंदिर में तोड़फोड़ की घटना पर दूसरा पक्ष और उग्र हो गया और उन्होंने पत्थरबाजी की। जानकारी के अनुसार, शहर के जिंजर गली व सराफ बाजार में दो गुटों के बीच पत्थरबाजी हो रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों से बात की गई और उन्हें समझाया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। कोई भी व्यक्ति अफवाह फैलाने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

संपादकीय

## एमएसपी की गारंटी क्यों चाहते हैं किसान

सरकार, समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद के दाम तय करती है। सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के दाम किसानों को नहीं मिल पाते हैं। किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गारंटी की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है। एमएसपी रेट घोषित करके सरकार वाहवाही लूटना चाहती है। सरकार कहती है, उसने दाम बढ़ा दिए। लेकिन किसानों के उत्पाद को सरकार समर्थन मूल्य पर भी नहीं खरीदती है। जिसके कारण यह केवल कागजी घोषणा होती है। इसका लाभ किसानों को नहीं मिलता है।इस साल मंडियों में मसूर समर्थन मूल्य से 400 से 600 रुपए प्रति क्विंटल कम दामों पर बिकी। केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकारों ने समर्थन मूल्य पर किसानों से मसूर नहीं खरीदी।जिसके कारण किसानों को समर्थन मूल्य से कम कीमत पर,मंडियों में अपनी फसल बेचना पड़ी है। हाल ही में केंद्र सरकार ने किसानों को राहत देते हुए,न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में समर्थन मूल्य बढ़ाने का निर्णय लिया गया। सरकार ने धान, ज्वार, बाजरा ,रागी, मक्का, तुवर ,मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, राम तिल,कपास इत्यादि के समर्थन मूल्य में 5 फीसदी से लेकर 10 फीसदी की वृद्धि की है। इसे किसानों के हित में लिया गया बड़ा फैसला बताया गया है। मसूर का उदाहरण ऊपर दे चुके हैं। सूरजमुखी की खरीद हरियाणा में समर्थन मूल्य पर नहीं होने के कारण, किसान धरने पर बैठे हैं। किसानों ने एनएच को जाम किया, किसानों पर लाठीचार्ज हुआ किसानों को गिरफ्तार किया गया। यह समर्थन मूल्य की वास्तविक स्थिति को उजागर करता है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने पत्रकार वार्ता में सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार ने समर्थन मूल्य घोषित करते समय, एग्रीकल्चर कमीशन की रिपोर्ट पर ध्यान नहीं दिया। लागत मूल्य पर 50 फीसदी लाभ के आधार पर समर्थन मूल्य घोषित किए जाने का नियम है. उन्होंने दावा किया, कि यूपीए सरकार के 10 साल के कार्यकाल में समय-समय पर सरकार ने 10 फीसदी से लेकर 44 फीसदी तक समर्थन मूल्य का दाम निर्धारित किया था। उन्होंने कहा मोदी सरकार किसानों की पीठ पर लाठियां और पेट पर लात मार रही है। वहीं हरियाणा पंजाब और उत्तर प्रदेश के किसानों ने समर्थन मूल्य पर गारंटी की मांग को लेकर पिछले 18 महीने से जो किसान आंदोलन चल रहा है। वह उग्र रूप लेता जा रहा है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य तो घोषित कर देती है। लेकिन किसानों से उसकी उपज खरीदने की व्यवस्था नहीं करती है। गेहूं और धान की खरीदी बड़े पैमाने पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा की जाती है। किसानों की उपज का अधिकतम 40:50 फीसदी से ज्यादा उपज सरकार द्वारा नहीं खरीदने के कारण, किसानों को समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर बाजार में उपज बेचना पड़ती है। हाल ही के वर्षों में पेट्रोल, डीजल,रासायनिक खाद, कीटनाशक एवं परिवहन की लागत में भारी वृद्धि हुई है। उसकी तुलना में न्यूनतम समर्थन मूल्य में काफी कम वृद्धि की गई है। किसानों को लागत मूल्य पर 50 फीसदी लाभ के नियम को छोड़ दे अपने उत्पाद की वास्तविक लागत भी नहीं मिल पा रही है। जब नई फसल आती है, तो बाजार तेजी के साथ गिर जाते हैं। उसके बाद तेजी के साथ बढ़ने लगते हैं। विशेष रूप से सब्जी और अन्य सीजनल फसलों में किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। बिचौलियों को सारा फायदा हो रहा है। जिसके कारण किसानों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। देश में दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा बड़े प्रयास किए जा रहे है। जब तक समर्थन मूल्य की गारंटी नहीं होगी, तब तक किसानों को उत्पादन बढ़ाने में कोई रुचि नहीं है। सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करते समय, यह भी देखना होगा कि किसानों की उत्पादन लागत कितनी बढी है। बढ़ी हुई लागत के हिसाब से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित होता है। सरकार उस उत्पाद को स्वयं खरीदने की गारंटी देगी। तभी जाकर किसानों को लाभ मिलेगा। अन्यथा चुनावी घोषणा की तरह, यह वादे हैं वादों का क्या। एक तरफ सरकार दलहन और तिलहन का बड़े पैमाने पर आयात करती है।

## हो ऐसा उपाय!



पत्रकारिता स्वच्छ रहे ।
हो ऐसा उपाय ।।
काम है जो सच्चा ।
है वही सहाय ।।
है रह कर निष्पक्ष ।
करनी हर पड़ताल ।।
रहे ध्यान केंद्रित ।
वाजिब भी सवाल ।।
बेवजह और बेमतलब से ।
है पाना छुटकारा ।।
बात सही है लोकतंत्र का ।
आप भी सहारा ।।
ज़िम्मेदार बन कर ।
है सब कुछ निपटाना ।।
पास आपके ताकत है ।
दुनिया ने भी माना ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ तो हुई है परंतु अभी भी सतर्कता जरूरी

आपको याद होगा कि कुछ समय पूर्व ही भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र की 11 बैंकों को, इन बैंकों में खराब कर्ज के खतरनाक स्तर तक बढ़ जाने के कारण, त्वरित सुधारात्मक ढांचे के तहत रखा था। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्र के बैंकों को कम पूंजी आधार, गैर-पेशेवर प्रबंधन, हताश कर्मचारियों और भारी अक्षमताओं सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। परंतु, केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने की दृष्टि से कई उपाय किये एवं केंद्र सरकार ने पांच वित्त वर्षों के दौरान (वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक) सरकारी क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिए 3,10,997 करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश किया। इससे इन बैंकों को आवश्यक मदद मिली और उनकी ओर से किसी भी चूक की आशंका खत्म हो गई। अभी हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन जारी किया गया है। इस प्रतिवेदन में भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बताया गया है एवं इस प्रतिवेदन के अनुसार दिसम्बर 2022 को समाप्त अवधि में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.1 प्रतिशत, सकल गैरनिष्पादनकारी आस्तियों का प्रतिशत 4.41 प्रतिशत एवं प्रोविजन कवरेज अनुपात 73.20 प्रतिशत हो गया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने जहां 85,390 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दशार्या था, वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22 में इन बैंकों ने 66,539 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है, और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत में सरकारी क्षेत्र की बैंकों का लाभ एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर सकता है। इस प्रकार सरकारी क्षेत्र के बैंकों का तो एक तरह से कायाकल्प ही हो गया है।

बैंकिंग उद्योग किसी भी देश में अर्थ जगत की रीढ़ माना जाता है। बैंकिंग उद्योग में आ रही परेशानियों का निदान यदि समय पर नहीं किया जाता है तो आगे चलकर यह समस्या उस देश के अन्य उद्योगों को प्रभावित कर, उस देश के आर्थिक विकास की गति को कम कर सकती है। इसलिए पिछले 9 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने बैंकों की लगभग हर तरह की समस्याओं के समाधान हेतु कई ईमानदार प्रयास किए हैं। गैरनिष्पादनकारी आस्तियों से निपटने के लिए दिवाला एवं दिवालियापन संहिता लागू की गई है। देश में सही ब्याज दरों को लागू करने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति समिति बनायी गई है। साथ ही, दिनांक 30 अगस्त 2019 को देश की वित्त मंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमन ने बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाए जाने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की थी। सरकारी क्षेत्र के बैंकों की, समेकन के माध्यम से, क्षमता अनवरोधित (अनलाक) करने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की गई थी। इन बैंकों के विलय में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया था कि इनके विलय से किसी भी ग्राहक को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, ये तकनीक के लिहाज से एक ही प्लेट्फार्म पर हों, इन बैंकों की संस्कृति एक ही हो



तथा इन बैंकों के व्यवसाय में वृद्धि दृष्टिगोचर हो। वर्ष 2017 में भारत में सरकारी क्षेत्र के 27 बैंक थे लेकिन इनके आपस में विलय के बाद अब केवल 12 सरकारी क्षेत्र के बैंक रह जाएंगे। इस प्रकार देश में सरकारी क्षेत्र के बैंकों को अगली पीढ़ी के बैंकों का रूप दिया जा रहा है। उक्त विलय के बाद इन सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बड़े हुए आकार ने इन बैंकों की ऋण प्रदान करने की क्षमता में अभितपूर्व वृद्धि की है। इन बैंकों की राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत उपस्थिति के साथ ही इनकी अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंच बन गई है। विलय के बाद इन बैंकों की परिचालन लागत में कमी आई है जिससे इनके द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों की लागत में भी सुधार हुआ है। इन बैंकों द्वारा बैंकिंग व्यवसाय हेतु, नई तकनीकी के अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है जिससे इनकी उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार होता दिखाई दे रहा है। इन बैंकों की बाजार से संसाधनों को जुटाने की क्षमता में भी सुधार हुआ है।

केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के संयुक्त प्रयासों से भारत में समस्त वगीर्कृत वाणिज्यिक बैंकों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि में 16.7 प्रतिशत के सराहनीय स्तर पर पहुंच गया है। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानदंडो के अनुसार, बैंकों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात न्यूनतम 8 प्रतिशत (एवं 2.5 प्रतिशत के पूंजी कंजर्वेटिव बफर को मिलाकर 10.5 प्रतिशत) होना बैंकों के लिए आवश्यक माना जाता है। इसी प्रकार, भारत में वगीर्कृत वाणिज्यिक बैंकों की आस्तियों पर आय एवं इक्वटी पर आय भी इस अवधि में संतोषप्रद रही है, जिसके चलते पूंजी पर्याप्तता अनुपात में भी लगातार सुधार हो रहा है, जो मार्च 2020 में 14.7 प्रतिशत से बढ़कर सितम्बर 2020 में 15.8 प्रतिशत हो गया एवं मार्च 2021 में 16 प्रतिशत होकर मार्च 2022 में 16.7 प्रतिशत हो गया है।

वगीर्कृत वाणिज्यिक बैंकों में सकल गैरनिष्पादनकारी आस्तियों एवं शुद्ध गैरनिष्पादनकारी आस्तियों का प्रतिशत भी 30 सितम्बर 2022 को समाप्त तिमाही में कम होकर 5.0 प्रतिशत (पिछले 7 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर) एवं 1.3 प्रतिशत (पिछले 10 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर) क्रमशः हो गया है। सकल गैरनिष्पादनकारी आस्तियां मार्च 2020 में 8.4 प्रतिशत, मार्च 2021 में 7.3 प्रतिशत एवं मार्च 2022 में 5.9 प्रतिशत रही हैं। साथ ही, शुद्ध गैरनिष्पादनकारी आस्तियां मार्च 2020 में 3.0 प्रतिशत, मार्च 2021 में 2.4 प्रतिशत एवं मार्च 2022 में 1.7 प्रतिशत की रही हैं। कोरोना महामारी के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रभावित हुए ऋण खातेदारों को उनके द्वारा अदा किये जाने वाले ब्याज एवं किश्त की अदायगी में छूट प्रदान की थी, जिसके कारण भी गैर निष्पादनकारी आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हुई है। परंतु उक्त बैंकों के प्रोविजन कवरेज अनुपात में सुधार हुआ है और यह मार्च 2021 के 67.6 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च 2022 को 70.9 प्रतिशत हो गया है। इसका आश्य यह है कि इन बैंकों ने अपने खातों में गैरनिष्पादनकारी आस्तियों के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रोविजन कर लिया है। यदि आगे आने वाले समय में इन गैरनिष्पादनकारी आस्तियों में समस्या होती है तो बैंकों को इस प्रकार की समस्या से निपटने में आसानी होगी।

# एक नजर इधर भी : बिटिया -विवाह और झंझट



(गौरीशंकर पाण्डेय सरस)

गृहस्थ धर्म के अनुपालन में बहुत कम ही ऐसे माता पिता होंगे जिनको उपरोक्त तीन शब्द प्रभावित नहीं कर सकते। पुत्र होना भाग्य और पुत्री का होना सौभाग्य मानकर जीवन जीने वाले माता-पिता सचमुच किसी देवी देवता से कम नहीं होते। लेकिन सच तो यह भी है कि इंसानियत समझ से भगवान एक बहुत बड़ी गलती तब कर बैठता जब बेटी के साथ धन की कमी माता पिता के सामने सुरसा के जैसी मुंह बाये खड़ी हो जाती है।यह ध्रुव सत्य है कि बेटी पराई अमानत होती जिसको समय से वापस करना होता है। घर में जवान होती बेटी को देखकर हर माता पिता के माथे पर वैवाहिक चिंता की लकीरें खींचना स्वाभाविक है।हर माता पिता की दिली ख्वाहिश होती है कि सुयोग्य घर वर की तलाश कर यथाशीघ्र हाथ पीला कर बिटिया को सुहागिन बना पतिगृह भेज दिया जाए। परंतु भाग्य और समय के आपसी सामंजस्य अभाव के चलते सोच को पंख नहीं लग पाता।बदलते परिवेश में तो वर पक्ष की परख कर पाना नामुमकिन ही नहीं मुश्किल भी है।वर तथा कन्या पक्ष की वैवाहिक शर्तें एक दूसरे के मधुर संबंध में सबसे बड़ी रुकावट है। जैसे कन्या पक्ष के मुताबिक लड़का पढ़ा लिखा कमासुत हो। नशामुक्त हो। पारिवारिक संस्कार सनातनी हो ,आदि।इसी तरह से वर पक्ष वालों के मुताबिक लड़की पढ़ी लिखी हो, अकिंचन हो लेकिन कंचन कामिनी लता हो, नागिन सा लहराता बाल हो,हिरणी जैसी चाल हो, ठीक-ठाक कद काठी के साथ-साथ लंबाई करीब पांच फीट पांच इंच से एबभ हो , आदि आदि। जो चिंता का बिषय और सामाजिक समरसता को दुरुह बनाने का संकेत है।

संयोग बस सबकुछ फिट बैठा तो दहेज की लंबी लिस्ट तथा खर्च की लंबी रेस में कन्या पक्ष की पूंछे उखड़ना लाज़िमी है। मुझे स्वजातीय एवं विजातीय अपने कई मित्रों के ?साथ सादर पूर्वक उनकी बहन बेटियों के लिए बर ढूंढने जाने का सुदूरवर्ती क्षेत्रों का अवसर मिला। जो आज भी अविस्मृत है।कुछ यादें आपके लिए भी उद्धृत कर देना आवश्यक समझता हूं। जिससे आपको भी समाजिक विषमता का पता चल सके।एक स्थान पर पहले से हम लोगों द्वारा लड़का देखने आने की भनक होने के बावजूद काल्पनिक प्रेम और दहेज के भूखे दानवों का बखूब एहसास हुआ। दूसरी जगह तो बात बनकर बिगड़ गई।सबकुछ पक्का होने के बाद जब एक मंदिर पर लड़की दिखाने लड़की पक्ष पहुंचा तो वहां की हरकत काफी शर्मनाक महसूस हुई।यही की होने वाला पति बार बार अपनी होने वाली पत्नी की लंबाई कभी फीता से तो कभी अपने कंधे से , यहां तक कि ऊंची एड़ी की पहनी सैंडिल उतरवाकर आश्वस्त होने की कोशिश में कोई कसर बाकी नहीं रखा और करीब दो घंटे का समय खा गया।बाहर जलपान में जुटे परिजनों ने जब लड़की के आने में काफी देरी का अनुभव किया और पता किया तो सबकुछ माझरा साफ हो गया। होने वाली एक अकेली दुल्हन के दृश्य कक्ष में मौजूद होने वाला पति के साथ होने वाली सासु तथा होने वाली मुंह बोली ननद के रूप में दिव्यांग चेहरा उपस्थित था।कमरे के अंदर उलजलूल बातें अशोभनीय थी। जिससे होने वाली दुल्हन जल्द छुटकारा चाहती थी। अंत में सज्जन परिवार की शालीन बिटिया को ऐसी शादी नागवार गुजरी और इंकार कर बैठी। अगली बार वर की तलाश में अपने दूसरे मित्र के साथ जाना हुआ।वर पक्ष के घर द्वार की शान-शौकत का कोई जबाब नहीं था। लड़का सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था जबकि उसे रेलवे का इंजिनियर बताया गया था।यह भी बताया गया था कि लड़का शुद्ध शाकाहारी और संस्कारवान है। पिताजी फौज से अवकाश प्राप्त नायब सुबेदार हैं। मौके पर चाय-पानी नास्ता वगैरह के उपरांत हमलोगों द्वारा लड़का देखने के निवेदन पर लड़का के घर वालों ने घर पर नहीं होने की बात बताई । बहरहाल घर पर लड़का का दर्शन तो नहीं हो सका लेकिन लौटते वक्त गांव से कुछ दूर खड़ंजा से सटे नशे में धुत्त बड़बड़ाते हुए दर्शन सुलभ हो गया।जिसकी पहचान भी एक अपना पुराना शुभचिंतक ही कराया।यह भी पता चला कि आजकल दूसरे से कम अपनों से धोखा ज्यादा है। इसलिए कि मध्यस्थता करने वाले भी किसी ठेकेदार से कम नहीं हैं।मेल बेमेल शादियों के ठेके से हसीन जीवन जीने वाले लोग दगाबाजी की निशानी मिटाने के लिए ललाट पर लंबा टीका और मधुर वाणी का बखूब इस्तमाल करते हैं।सत्य और झूठ के सिल सिले इसकदर चल पड़े हैं की जीवन बबार्दी की भेंट चढ़ जा रहा।इसी प्रकार सोशल मीडिया पर चैटिंग के माध्यम से प्यार ए इजहार जीवन को अंधकारमय बनाने से बाज नहीं आ रहा।

# शिक्षा की दुकानें बढ़ रही हैं लेकिन उच्च शिक्षा की गुणवत्ता रैंकिंग में हम पिछड़ते जा रहे हैं

आजादी के अमृत काल में जब चहूं ओर से अनेक गौरवान्वित करने वाली खबरें आती हैं, वहीं कभी-कभी कुछ निराश करने वाली खबरें भी आत्म-मूल्यांकन को प्रेरित करती हैं। ऐसी ही एक खबर भारत की उच्च-शिक्षा को लेकर है। हमारे देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संख्यात्मक दृष्टि से काफी तरक्की हुई है लेकिन बात गुणात्मक दृष्टि की करते हैं तो निराशा ही हाथ लगती है। नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) 2023 की ओवरऑल रैंकिंग सूची को देखकर भी ऐसा ही लगता है। एक बड़ा सवाल है कि हम गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं। यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं शिक्षा-निमार्ताओं को भी सोचना होगा कि कहां उच्च-शिक्षा के क्षेत्र में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय हर साल शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग जारी करता है। इस बार एनआईआरएफ रैंकिंग के मुताबिक आईआईटी मद्रास को देश का सर्वेश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान घोषित किया गया है। जबकि दूसरे नम्बर पर भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलुरु है। इंजीनियरिंग कैटेगरी में आईआईटी मद्रास की रैंक लगातार आठवें वर्ष भी बरकार रही है। इसके बाद आईआईटी दिल्ली दूसरे नम्बर पर और तीसरे नम्बर पर आईआईटी मुम्बई है।?इसी तरह मैनेजमैंट कालेज, फामेर्सी कालेज, लॉ कालेजों की भी रैंकिंग की गई। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत में शिक्षा सुधार लगातार जारी है। उच्च शिक्षा उद्योग पर्याप्त शिक्षण क्षमता प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा है लेकिन विडम्बना यह है कि भारत का कोई भी संस्थान वैश्विक शीर्ष सौ संस्थानों में अपनी जगह नहीं बना पाया। वैश्विक टॉप 200 में केवल तीन भारतीय संस्थान ही जगह बना पाए हैं। कुल मिलाकर 41 भारतीय संस्थान और विश्वविद्यालय हैं जिन्होंने इस वर्ष क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग सूची में जगह बनाई है।

आइआइटी हो या आइआइएम या फिर कॉलेज और विश्वविद्यालय, रैंकिंग के टॉप टेन में जगह बनाने वाली शिक्षण संस्थाओं में पिछले सालों से एक से नाम ही नजर आते हैं। यह तो लगता है कि ये संस्थाएं अपनी गुणवत्ता बनाए हुए हैं पर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि दूसरी उच्च शिक्षण संस्थाएं आखिर टॉप सूची में आने से क्यों वंचित रहती हैं? हम क्या कहकर विदेशी छात्रों को आकर्षित करेंगे? भारत प्राचीन समय में उच्च शिक्षा एवं



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केन्द्र रहा है, फिर आजादी के बाद इस विरासत को क्यों नहीं कायम रख पाये? किसी भी शिक्षण संस्थान की गुणवत्ता उसकी फैकल्टी पर निर्भर करती है। फैकल्टी में योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक चाहिए। निजी क्षेत्र युवा स्नातकों को ?ऐसे प्रोफेसरों के रूप में भर्ती करते हैं जिनके पास कोई अनुभव या ज्ञान नहीं होता। वह ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाना चाहता है। निजी क्षेत्र को छात्रों में रचनात्मकता, नए शोध और नए कौशल को सीखने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन देने में कोई रुचि नहीं है। देश में आरक्षण प्रणाली बहुत ही विवादास्पद है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में आरक्षण प्रणाली अभी भी बाधक बनी हुई है। युवा पीढ़ी को सिर्फ नौकरी और भारी-भरकम वेतन पैकेज लेने में ही अधिक रुचि है। इसलिए अभिभावक भी बच्चों को देश की सेवा के लिए प्रेरित करने की बजाय अच्छी नौकरी तलाश करने के लिए ही प्रेरित करते हैं।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परतें खुलने लगी है। आखिरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति की शुरूआत करते हुए अगस्त तक डिजिटल यूनिवर्सिटी के शुरू होने और विदेशों के ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज और येल जैसे उच्च स्तरीय लगभग पांच सौ श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों के भारत में कैंपस खुलने शुरू हो जायेंगे। अब भारत के छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा स्वदेश में ही मिलेगी और यह कम खचीर्ली एवं सुविधाजनक होगी। इसका एक लाभ होगा कि कुछ सालों में भारतीय शिक्षा एवं उसके उच्च मूल्य मानक विश्वव्यापी होंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की यह अनूठी एवं दूरगामी सोच से जुड़ी सराहनीय पहल है। यह शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं का अभ्युदय है। भारत में दम तोड़ रही उच्च शिक्षा को इससे नई ऊर्जा मिलेगी। बुझा दीया जले दीये के करीब आ जाये तो जले दीये की रोशनी कभी भी छलांग लगा सकती है। खुद को विश्वगुरु बताने वाले भारत का एक भी विश्वविद्यालय दुनिया के 100 विश्वविद्यालयों में शामिल नहीं है। भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु ने 155वां वैश्विक रैंक हासिल किया है जो पिछले साल 186वें स्थान से ऊपर है और भारतीय संस्थानों में पहले स्थान पर है। आईआईएससी बेंगलुरु साइटेशन पर फैकल्टी इंडिकेटर में विश्व स्तर पर शीर्ष संस्थानों में भी उभरा है। यह संस्थानों द्वारा उत्पादित अनुसंधान के वैश्विक प्रभाव को इंगित करता है। शीर्ष 200 में अन्य दो स्थानों पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली वैश्विक 172वें और 174वें स्थान पर हैं। विशेष रूप से, आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली दोनों ने पिछले साल से आईआईटी बॉम्बे को 177वें और आईआईटी दिल्ली को पिछले साल 185वें स्थान से अपग्रेड किया। इससे पता चलता है कि शीर्ष 300 वैश्विक विश्वविद्यालयों/संस्थानों में छह भारतीय संस्थान अपनी पहचान बना सकते हैं। इन त्रासद उच्च स्तरीय शिक्षा के परिदृश्यों में बदलाव लाने लाते हुए यह देखना है कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा में हम कैसे सम्मानजनक स्थान बनायें।

# केवीआईसी ने रचा इतिहास, 9 वर्षों में बिक्री में 332% की वृद्धि



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत अभियान को खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने नई ऊंचाइयों पर पहुंचाते हुए विश्व के सामने बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर प्रस्तुत की है स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार केवीआईसी के उत्पादों का कारोबार 1.34 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है` तुलनात्मक रूप से देखें तो पिछले 9 वित्त वर्षों में, ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरों द्वारा बनाये गए स्वदेशी खादी उत्पादों की बिक्री में 332 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2013-14 में जहां खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का कारोबार 31154 करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 2022-23 में यह बढ़कर 1,34,630 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। इसी तरह से ग्रामीण क्षेत्र में 9,54,899 नये रोजगार का सृजन कर, केवीआईसी ने नया मील का पत्थर स्थापित किया है`

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय पूज्य महात्मा गांधी की प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांड शक्ति और देश के सुदूर गांवों में कार्यरत कारीगरों की अथक मेहनत को दिया है उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और विदेश में हर मंच से खादी का प्रचार-प्रसार किया है जिससे आज खादी लोकप्रियता के नये शिखर पर पहुंच चुकी है` आज खादी उत्पादों की गिनती विश्व के सबसे विश्वसनीय ब्रांडों में होती है वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 में खादी और ग्रामोद्योग के प्रोडक्ट्स के उत्पादन में जहां 268 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं बिक्री ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 332 प्रतिशत के आंकड़े को छू लिया है। यह इस बात का प्रमाण है कि मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उत्पादों पर देश की जनता का भरोसा बढ़ा है केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल में, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के प्रयासों से, स्वावलंबन से समृद्धि के 9 ऐसे कीर्तिमान स्थापित हुए हैं जिसने खादी को नई संजीवनी दी है`

**1-खादी और ग्रामोद्योगी प्रोडक्ट्स के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि-** वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों का उत्पादन जहां 26,109 करोड़ रुपये था वहीं वित्त वर्ष 2022-23 में यह 268 प्रतिशत के उछाल के साथ 95957 करोड़ रुपये पहुंच गया उत्पादन का यह आंकड़ा इस बात का सशक्त प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्र में खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने ऐतिहासिक कार्य किया है`

**2-खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों की बिक्री में बड़ा उछाल-** पिछले 9 वित्त वर्षों में खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों ने बिक्री के मामले में हर वर्ष नये रिकॉर्ड बनाये हैं। वित्त वर्ष 2013-14 में बिक्री जहां 31154 करोड़ रुपये थी वहीं 332 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि के साथ यह वित्त वर्ष 2022-23 में 1,34,630 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो कि अब तक की सर्वाधिक बिक्री रही है`

**3-खादी कपड़ों (Khadi Fabric) के उत्पादन का नया कीर्तिमान-** पिछले 9 वर्षों में खादी कपड़ों के उत्पादन में भी अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2013-14 में जहां खादी कपड़ों का उत्पादन 811 करोड़ रुपये था वहीं 260 प्रतिशत के उछाल के साथ यह वित्त वर्ष 2022-23 में 2916 करोड़ रुपये के आंकड़े पर पहुंच गया, जोकि अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है`

4- खादी कपड़ों (Khadi Fabric) की बिक्री ने भी रचा नया इतिहास-

पिछले 9 वित्त वर्षों में खादी के कपड़ों की मांग भी तेजी से बढ़ी है वित्त वर्ष 2013-14 में जहां इसकी बिक्री सिर्फ 1081 करोड़ रुपये थी, वहीं वित्त वर्ष 2022-23 में 450 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 5943 करोड़ रुपये पहुंच गई` कोविड-19 के बाद पूरी दुनिया में ऑर्गेनिक कपड़ों की मांग बढ़ी है। इसके कारण खादी के कपड़ों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा हर मंच से खादी को प्रमोट करने का भी व्यापक असर खादी के कपड़ों की बिक्री पर पड़ा है`

**5-नये रोजगार सृजन और संचयी रोजगार सृजन का नया कीर्तिमान** - खादी और ग्रामोद्योग आयोग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध करना है। इस क्षेत्र में भी केवीआईसी ने पिछले 9 वर्षों में रिकॉर्ड कायम किया है वित्त वर्ष 2013 -14 में जहां संचयी रोजगार 13,038,444 था, वहीं यह 2022-23 में 36 प्रतिशत वृद्धि के साथ 17,716,288 तक पहुंच गया इसी तरह से वित्त वर्ष 2013-14 में जहां 5,62,521 नए रोजगार का सृजन हुआ था, वहीं वित्त वर्ष 2022-23 में यह 70 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9,54,899 पहुंच गया`

**6-खादी कारीगरों के पारिश्रमिक में रिकॉर्ड वृद्धि-** खादी कपड़ों के उत्पादन और बिक्री बढ़ने का लाभ खादी क्षेत्र से जुड़े खादी कामगारों को भी मिल रहा है। वित्त वर्ष 2013-14 से अब तक इनके पारिश्रमिक में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। हाल ही में, 1 अप्रैल, 2023 से खादी कारीगरों के पारिश्रमिक में 33 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई।

**7-नई दिल्ली के कनाट प्लेस स्थित खादी भवन का नया रिकॉर्ड-** 2 अक्टूबर 2022 को नई दिल्ली के कनाट प्लेस स्थित केवीआईसी के फ्लैगशिप खादी भवन की बिक्री ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर खादी प्रेमियों ने, एक दिन में, पहली बार 1.34 करोड़ रुपये की खादी और ग्रामोद्योगी उत्पाद खरीद कर नया कीर्तिमान बना दिया`

**8-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण-** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अभियान से देश के युवाओं को जोड़ने के लिए PMEGP ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह योजना 'नौकरी मांगने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनने' के पीएम मोदी के सपने को साकार करती है वर्ष 2008-09 से वर्ष 2022-23 तक 21870.18 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरण के साथ ही, इस वर्ष 8.69 लाख परियोजनाओं की स्थापना कर 73.67 लाख लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान किया गया है यही नहीं, 80% से अधिक इकाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैं, जिनमें से 50% से अधिक इकाइयों का नेतृत्व एससी, एसटी और महिला उद्यमी कर रही हैं। इतना ही नहीं, आकांक्षी जिलों में 14% से अधिक इकाइयां स्थापित की गई हैं वर्ष 2022-23 के दौरान उपलब्धि 85167 इकाइयों की थी जिसमें 9.37 लाख रोजगार के अवसर सृजित हुए`

**9- ग्रामोद्योग विकास योजना का नया रिकॉर्ड** - गरीब कल्याण और समाज के सबसे निम्न स्तर पर कार्य करने वाले कारीगरों के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग ग्राम विकास योजना के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित कर रहा है हनी मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 2017-18 से अब तक, 19118 लाभार्थियों को 1 लाख 89 हजार 989 लाख मधुमक्खी-बॉक्स और मधुमक्खी कालोनी का वितरण किया जा चुका है कुम्हार सशक्तिकरण कार्यक्रम के माध्यम से, अभी तक 25 हजार से अधिक कुम्हारों को आधुनिक विद्युत चालित चाक (इलेक्ट्रिक पॉटर व्हील) का वितरण किया जा चुका है।

## पुलिस ने किया अलग-अलग क्षेत्रों में गैंगस्टर तथा पास्को एक्ट का वांछित गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में शनिवार को गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विक्रम उर्फ अरविन्द गुप्ता पुत्र हीरालाल ग्राम पाण्डेयपुर थाना गड़वार जनपद बलिया उम्र करीब 21वर्ष, को प्रभारी निरीक्षक मुहम्मदाबाद मय हमराह द्वारा मुखबीर की सूचना पर स्थान अदिलाबाद चौराहे से समय करीब सुबह 07.30 बजे गिरफ्तार किया गया, उक्त गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना बरेसर जनपद गाजीपुर पर गंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत है जिस पर अन्य विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही है ।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक घनानन्द त्रिपाठी थाना मुहम्मदाबाद, हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार यादव थाना मुहम्मदाबाद, कांस्टेबलआशीष यादव थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे। जबकि थाना मुहम्मदाबाद क्षेत्र के ही उप निरीक्षक कृष्ण प्रताप सिंह मय हमराह के पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त की तलाश मे क्षेत्र में मामूर थे कि कि जरिये मुखबीर खास सूचना मिली की अभियुक्त अख्तर उर्फ मुर्शद्दीन तहसील तिराहा के पास मे खड़ा है तथा कही जाने के फिराक मे है यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है। कि मुखबिर खास की सूचना पर विश्वास करके उप निरीक्षक मय हमराह के तहसील तिराहा के कुछ दूरी पर दबिस देकर अभियुक्त को पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम व पता अख्तर उर्फ मुर्शद्दीन पुत्र सिद्धी कुरैशी निवासी महरुपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 18 वर्ष बताया तथा पकड़े गये व्यक्ति को उसके अपराध से अवगत कराते हुए समय लगभग 10 बजे को गिरफ्तारी का कारण बताकर पुलिस हिरासत मे लिया गया। इस सम्बन्ध में थाने पर पाक्सो एक्ट का अभियोग उक्त गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत है। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद द्वारा की जा रही है। अन्य विधिक कार्यवाही जारी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कृष्ण प्रताप सिंह चौकी प्रभारी शाहनिन्दा थाना मुहम्मदाबाद, कांस्टेबल अजीत यादव द्वितीय थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## करण्डा पुलिस ने किया एनबीडब्लू के 10 वारंटियों को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक करण्डा के मार्गदर्शन मे आज शनिवार को ग्राम गोशन्देपुर, नौदर, बसन्तपट्टी, सलारपुर, बक्शा, चोचकपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर से 10 नफर वारण्टी अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय से प्राप्त भिन्न भिन्न वारण्ट सम्बन्धित मुकदमो में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । जिसमे क्रमशः रामदेव पुत्र मुसी, हेमचन्द्र उर्फ प्रेम चन्द्र पुत्र रामदेव, उदयकान्त पुत्र रामकृत निवासी गण सलारपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर, दिनेश यादव पुत्र नगीना यादव निवासी ग्राम गोशन्देपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर, देवेन्द्र सिंह पुत्र स्व0



विश्वनाथ सिंह नि0ग्राम बसन्तपट्टी थाना करण्डा जनपद गाजीपुर, विजय यादव पुत्र पृथ्वी यादव, मुन्ना यादव पुत्र पृथ्वी यादव निबासी गण नौदर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर, अजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र कविन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव निवासी ग्राम बक्शा थाना करण्डा गाजीपुर, विशम्भर पाण्डेय पुत्र बंशलोचन पाण्डेय, जटाशंकर पाण्डेय पुत्र बंशलोचन पाण्डेय निवासी गण चोचकपुर चकिया थाना करण्डा जनपद गाजीपुर रहे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुरेशचन्द्र पाण्डेय, उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार ओझा, उप निरीक्षक त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, हेड कांस्टेबल कृष्णचन्द्र चौरसिया, हेड कांस्टेबल गिरजाशंकर पटेल, हेड कांस्टेबल रामप्रताप सिंह, कांस्टेबल अश्वनी कुशवाहा, कांस्टेबल उदय गुप्ता, कांस्टेबल दिलीप यादव, कांस्टेबल विनय कुमार सरोज, कांस्टेबल विशाल कुमार, कांस्टेबल विष्णु मौर्या, कांस्टेबल शिवम शर्मा शामिल रहे।

## भ्रांतियों से बनाएं दूरी जांच और सही इलाज ही संजीवनी - डॉ. (प्रो.) एनएन खन्ना

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। देश के अलग अलग हिस्सों में लोगों को बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए अपोलो की पहल जारी है इसी पहल के तहत नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल ने एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 10 जून शनिवार को कैण्टोनमेंट स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा और मीडिया क्षेत्र के लोगों को हृदय संबंधी विकारों और आंतों से जुड़ी बीमारियों के इलाज के बारे में विशेषज्ञों ने अहम जानकारियां साझा कीं कार्यक्रम का नेतृत्व अपोलो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के समूह सलाहकार और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, पेरिफेरल वैस्कुलर एंड एंडोवस्कुलर इंटरवेंशन विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ (प्रो) एनएन खन्ना और इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. योगेश बत्रा ने किया इस दौरान हृदय संबंधी विकारों और आंतों में सूजन सहित अन्य संबंधित बीमारियों के उपचार को बढ़ावा देने के लिए संकेतों और लक्षण के अलावा नैदानिक परीक्षणों पर चर्चा की विशेषज्ञों ने बताया कि बीते एक साल में दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में हृदय संबंधी विकारों और सूजन आंत्र रोग को लेकर कुछ चुनौतीपूर्ण मरीजों का इलाज हुआ है अपोलो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के समूह सलाहकार और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, पेरिफेरल वैस्कुलर एंड एंडोवस्कुलर इंटरवेंशन विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ (प्रो) एनएन खन्ना ने कहा जब हम हृदय संबंधी विकारों पर चर्चा करते हैं तो हम जानते हैं कि लोग स्वस्थ नहीं हैं आजकल सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए हार्ट अटैक की घटनाएं सुनने और देखने को मिल रही हैं इसे लेकर लोगों में भय अधिक है और इलाज के बारे में भी बहुत सारी भ्रांतियां भी हैं` जबकि वास्तविकता यह है कि बतौर डॉक्टर हमने हृदय संबंधी विकारों के प्रबंधन में प्रमुख प्रगति देखी है अगर मरीज भ्रांतियों पर भरोसा करता है इससे उसके जीवन को ही खतरा हो सकता है इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए इन्हीं भ्रांतियों को दूर करना मुख्य उद्देश्य है इसके अतिरिक्त इस बीमारी के लिए उपलब्ध निवारक उपायों के बारे में समुदाय को सूचित किया जाना भी जरूरी है वहीं इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. योगेश बत्रा ने कहा इस तथ्य के बावजूद कि भारत में इंफ्लेमेटरी बाउल रोग यानी सूजन आंत्र रोग का प्रसार तेजी से बढ़ रहा है बड़े पैमाने पर मरीजों को आखिरी स्टेज तक बीमारी का पता नहीं चल पाता है इसे लेकर न सिर्फ आम जनता बल्कि डॉक्टरों के बीच भी जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। अक्सर बीमारी की पहचान को लेकर आशंका रहती है जिसका नुकसान मरीज के जीवन पर पड़ता है इन मरीजों के इलाज के लिए चिकित्सा बुनियादी ढांचे की कमी के साथ-साथ दवा की खराब उपलब्धता भी इलाज में अवरोध पैदा करती है` इस सम्मेलन का उद्देश्य आम जनता के बीच सूजन आंत्र रोग की प्रस्तुति के बारे में जागरूकता पैदा करने के अलावा इलाज करने वाले डॉक्टरों को रोग प्रबंधन और उपलब्ध उपचार के तौर-तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना है।

## मारकण्डेय पाण्डेय बने विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के जिलाध्यक्ष, सामाजिक सक्रियता का मिला लाभ

रतसर (बलिया)। भारत सरकार के मान्यता प्राप्त विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ ने मारकण्डेय पाण्डेय को अपना जिलाध्यक्ष बनाया है। इस बात की जानकारी महासंघ ने एक प्रेस नोट जारी कर दी है। प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र प्रसाद द्विवेदी की सहमति से जिलाध्यक्ष बनाया गया है। संस्था के जारी नियुक्ति के अनुसार श्री पाण्डेय सामाजिक गतिविधियों के अलावा जनपद में अन्य जनहित के मुद्दों को लेकर हमेशा सक्रिय भूमिका निभाते रहे है। उनकी सक्रियता से प्रभावित होकर ही उन्हें यह दायित्व दिया गया है। अलग-अलग मंच से भी उन्होंने समाज की आवाज को हमेशा बुलन्द किया है। जनपद बलिया में संगठन की जिम्मेदारी लेने के साथ ही संगठन को पूरा विश्वास है कि पाण्डेय अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ऊर्जा के साथ निर्वहन करेंगे। महासंघ के जिलाध्यक्ष चुने जाने पर शुक्रवार को उनके गांव जनऊपुर में पहुंचने पर गांव सहित क्षेत्र के लोगों ने भव्य स्वागत करते हुए फूल मालाओं से लाद दिया।

## डीएम संग एसपी ने थाना दिवस पर सुनी फरियादियों की फरियाद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन के निर्देश के क्रम में आज द्वितीय शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना नंदगंज में उपस्थित



फरियादियों की फरियाद सुनी गई साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर मौके पर 23 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतो को लिखित रूप में दिया जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष आवेदन का निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओ के विरूद्ध एन्टी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्यवाही करे और गरीबो के पट्टे आदि की भूमि पर कब्जा करने वालो के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजा जाय। उन्होने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मोबाइल नम्बर अपने पास रखे तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करे। उन्होने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतो का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण न किये जाने पर सम्बन्धित लेखपाल एवम पुलिस अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सैदपुर, क्षेत्राधिकारी सैदपुर, थाना प्रभारी, लेखपाल एंव अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जखनिया विधानसभा में हुआ भाजपा संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाजपा महाभियान में जखनिया विधानसभा का संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को माता तेतरा देवी महिला महाविद्यालय अलीपुर मदरा में सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा लोकसभा संयोजक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि देश की सभ्यता और संस्कृति को विश्व मे सम्मान दिलाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। और देश में विलुप्त हो रही सभ्यता और संस्कृति को पुनर्जीवित करने का भी उन्होंने बड़ा काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के विभिन्न मोर्चे पार्टी कि रीढ है जो सामाजिक सामंजस्य को बढ़ाते हुए संगठन को सदैव मजबूती प्रदान किये है। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार के विगत नौ वर्षों के कार्यों का वर्णन और उसका मूल्यांकन आम जनता के बीच भाजपा कार्यकर्ता इस महाभियान में रख रहे हैं। ताकि आम आदमी के समृद्धि के लिए, देश के सम्मान के लिए भारतीय जनता पार्टी कितनी जरूरी है। अगर आज देश में बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ हुई है, देश कि भौतिक व्यवस्था तेज गति से बढ़ी है तो वह भाजपा कि सेवा समर्पित राजनीति का परिणाम है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई है। अंगतुक सभी के प्रति आभार धन्यवाद विधानसभा संयोजक डा मुराहू राजभर ने किया। सम्मेलन में प्रो शोभनाथ यादव, डा मुराहू राजभर, सुनील सिंह, ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, सरोज मिश्रा, रमेश सिंह पप्पू, जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा,धनेश्वर बिंद, रघुवंश सिंह, रामराज बनवासी, गुलाम कादिर राइनी, शैलेश कुमार राम, अविनाश सिंह, विनोद खरवार,मनोज बिंद, रूद्र प्रताप सिंह, मृदुला पांडेय,अशोक सिंह, अशोक पांडेय, अनिल तिवारी, शिवपूजन चौहान,सोमारु चौहान, पंकज सिन्हा, विरेन्द्र चौहान, हंसराज राजभर,प्रदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।



## लंका मैदान में हुआ उत्तर प्रदेश किसान सभा का 25 वां राज्य सम्मेलन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा का 25 वां राज्य सम्मेलन लंका मैदान में आज संपन्न हो गया सम्मेलन में प्रदेश के 40 जिलों के 350 प्रतिनिधियों ने भाग लिया सम्मेलन के अंतिम सत्र में 75 सदस्य राज्य काउंसिल का चयन सर्वसम्मति से किया गया जिसमें सभी जिलों की भागीदारी सुनिश्चित की गई सम्मेलन समाप्ति के बाद नवनिर्वाचित राज्य काउंसिल की बैठक भी आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से इम्तियाज बैग अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेंद्र यादव पुनः महामंत्री चुने गए अध्यक्ष महामंत्री सहित 13 सदस्य राज्य मंत्रिपरिषद का भी चयन सर्वसम्मति से किया गया सम्मेलन के संयोजक राजेंद्र यादव द्वारा आए हुए प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया सम्मेलन का समापन करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान ने कहा कि समय की मांग है कि देश के समस्त किसान संगठन मिलकर किसान विरोधी सरकार का मुकाबला करें तथा इसके बाद सम्मेलन के आयोजक किसान सभा के जिला अध्यक्ष जनार्दन राम और किसान सभा के जिला मीडिया प्रभारी घूरा यादव उपाध्यक्ष रामकेर यादव संगठन मंत्री सुरेंद्र राम ने भी धन्यवाद ज्ञापित किया तथा लोगों ने कहा कि गाजीपुर जनपद में बंद पड़ी नंदगंज की चीनी मिल बड़ौरा की कताई मिल पोस्ते की खेती का लाइसेंस 10000 पेंशन एमएससी की गारंटी कृषि उपज की लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए तथा गाजीपुर में विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग को लेकर भविष्य में किसान सभा प्रदेश में बड़ा आंदोलन करेगी नई राज्य काउंसिल की अध्यक्षता अशोक तिवारी ने किया।



## संक्षिप्त खबरें

### दर-दर भटक रहे मां-बाप, फरुर्खाबाद से वाराणसी आया छात्र लापता,बीएचयू की छात्रा सहित तीन के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। फरुर्खाबाद से बीएससी तृतीय वर्ष का एक छात्र वाराणसी घूमने आया तो लौट कर घर नहीं गया। 15 दिन बाद भी छात्र का पता नहीं लग सका है। छात्र के पिता की तहरीर के आधार पर कानपुर आउटर की रहने वाली काशी हिंदू विश्वविद्यालय की परास्नातक की छात्रा अनुष्का तिवारी उसके पिता सौरभ तिवारी और चाचा सौजन्य तिवारी के खिलाफ भेलूपुर थाने में अपहरण और धमकाने सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। छात्र के पिता का आरोप है कि बीएचयू की छात्रा उसके मां-बाप और चाचा ने उनके बेटे की हत्या कर उसका शव गायब कर दिया है।

### वर्तमान सरकार हर मुद्दे पर फेल है : अजय राय



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को अजय राय प्रांतीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गाजीपुर के कुर्था गांव स्थित पौहारी बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की। तत्पश्चात उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार हर मुद्दे पर फेल है अपराधियों का हौसला इतना बढ़ गया है कि कोर्ट परिसर में जज के सामने ही हत्या कर रहे हैं। इस समय बेरोजगारी चरम सीमा पर है महंगाई से जनता त्रस्त है। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुनील राम, शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, एआईसीसी सदस्य रविकांत राय, जनक कुशवाहा,लाल साहब यादव, चंद्रिका सिंह,हिमांशु श्रीवास्तव हामिद अली, आलोक यादव,दिव्यांशु पांडे राजेश गुप्ता,सुधांशु पांडे धर्मेंद्र,संजय गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### डीजे पर नाचने को लेकर विवाद, हिंसक झड़प में दो घायल, रेफर

रतसर (बलिया)। गड़वार थाना क्षेत्र के स्थानीय नगर पंचायत के शिवपुरी वार्ड में गुरुवार की रात एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर दो पक्ष के लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट की नौबत आ गई। दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे एवं चाकू चले। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्ष के दो युवक घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी ले गए जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय नगर पंचायत के शिवपुरी वार्ड में गुरुवार की रात छोटक राजभर के यहां मांगलिक कार्यक्रम के दौरान डीजे बज रहा था। इस दौरान डीजे की धून पर नाचने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। उनके बीच पहले गाली-गलौच हुई। फिर मौके पर दोनों पक्ष के लोग एकत्रित हो गए और विवाद बढ़ता चला गया। इस हिंसक झड़प में एक पक्ष के 17 वर्षीय युवक आकाश राजभर घायल होगया जबकि दूसरे पक्ष से 21 वर्षीय युवक धनजी राजभर को किसी ने चाकू से हमला कर दिया। वारदात की जानकारी लगने के बाद स्थानीय चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची। इस मामले को लेकर पुलिस छान बीन में जूट गई है।

### आईटीआई कॉलेज के छात्रों में टेबलेट वितरण


चितबड़ागाँव बलिया। चितबड़ागाँव मार्ग पर स्थित क्षेत्र के मन्जूं मेमोरियल आईटीआई कालेज (पिपरा खुर्द) चितबडागांव में आज को नगर पंचायत अध्यक्ष एवं कॉलेज के प्रबन्धक अमरजीत सिंह ने कॉलेज के सभी 47 छात्रों को टैबलेट वितरण किया। इस अवसर पर प्राचार्य सूर्य प्रकाश तिवारी, आशुतोष श्रीवास्तव सहित कालेज के सभी स्टाफ उपस्थित रहे। टेबलेट प्राप्त करने वाले छात्रों में अमन चौरसिया, अंकित सिंह,आशीष कुमार ठाकुर, सुरज कुमार शर्मा, चन्द्र प्रकाश उपाध्याय, गौतम राजभर, इंदल यादव, मनीष मिश्रा, पंकज वर्मा, विजय वर्मा, राशिद अंसारी इत्यादि 47 छात्रों ने टेबलेट प्राप्त किया।



# तेजी से गर्म हो रही पृथ्वी

## ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन अब तक के सबसे उच्च स्तर पर

लंदन, (द कन्वरसेशन)। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 54 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर वार्षिक उत्सर्जन के साथ अब तक के उच्चतम स्तर पर है। मानवता ने 1800 के अंत से सतह के तापमान को 1.14 डिग्री सेल्सियस तक गर्म कर दिया है - और यह वार्मिंग प्रति दशक 0.2 डिग्री सेल्सियस से अधिक की अभूतपूर्व दर से बढ़ रही है। भूमि पर रिकॉर्ड किया गया उच्चतम तापमान (जिसे जलवायु वैज्ञानिक अधिकतम भूमि सतह तापमान कहते हैं) दोगुनी तेजी से बढ रहा है। और यही तापमान लोगों द्वारा महसूस की जाने वाली रिकॉर्ड गर्मी या जंगल में लगी आग के लिए सबसे बड़ा कारक है।



इन परिवर्तनों का मतलब है कि 1.5 डिग्री सेल्सियस के लिए शेष कार्बन बजट - कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा, जो वैश्विक समाज अभी भी उत्सर्जन कर सकता है और जिससे तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने का 50 प्रतिशत मौका मिल सकता है - अब केवल 250 अरब टन के आसपास है। मौजूदा उत्सर्जन स्तरों पर, यह छह साल से कम समय में पूरा हो जाएगा। ये एक नई रिपोर्ट के निष्कर्ष हैं । यह पृथ्वी प्रणाली में उत्सर्जन, तापमान और ऊर्जा प्रवाह में सबसे हालिया परिवर्तनों को ट्रैक करता है। डेटा जो जलवायु कार्रवाई का निर्धारण कर सकता है। उदाहरण के लिए, अंतर्राष्ट्रीय तापमान लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उत्सर्जन को कितनी तेजी से कम करने की आवश्यकता है, इसकी जानकारी देकर। पहली रिपोर्ट, जो वार्षिक रिपोर्टों की एक श्रृंखला बनने वाली है, ने उस गति को पकड़ लिया है जिस पर पृथ्वी गर्म हो रही है।

हम ग्लोबल क्लाइमेट चेंज के संकेतक नामक एक पहल शुरू कर रहे हैं, जो पहली बार साल-दर-साल मानव-प्रेरित वार्मिंग को ट्रैक करने के लिए सभी आवश्यक सामग्रियों को एक साथ लाता है। सतह के तापमान में बदलाव लाने में उनकी भूमिका निर्धारित करने के लिए हम ग्रीनहाउस गैसों और कणीय प्रदूषण दोनों के उत्सर्जन और उनके गर्म होने या ठंडा होने के प्रभावों को ट्रैक करते हैं। हम जलवायु परिवर्तन पर व्यापक संयुक्त राष्ट्र अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) आकलन द्वारा स्थापित किए गए कठोर तरीकों का उपयोग करते हैं। आईपीसीसी आकलन सरकारों और उनके जलवायु नीति वार्ताकारों द्वारा सूचना के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में विश्वसनीय हैं। फिर भी, वे लगभग आठ साल में अलग अलग प्रकाशित हुए हैं।तेजी से बदलती दुनिया में जहां नीतियां तेजी से बदल सकती हैं, यह एक सूचना अंतर छोड़ देता है: वार्षिक संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ताओं से जलवायु की स्थिति पर विश्वसनीय संकेतक अब नहीं होते।

### सभी के उपयोग के लिए जलवायु डेटा

इस पहली रिपोर्ट में, हमने सभी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों और महामारी के दौरान उनके परिवर्तनों पर साक्ष्य एकत्र किए। इससे, हमने मानव गतिविधि के कारण होने वाले तापमान परिवर्तन की मात्रा निर्धारित करने के लिए साक्ष्य का निर्माण किया। यह हमें बताता है कि दुनिया पेरिस समझौते द्वारा निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर तापमान रखने के दीर्घकालिक लक्ष्य से हटने के कितने करीब है, और हम कितनी जल्दी इस ओर बढ रहे हैं।इस पहली रिपोर्ट में, हमने बताया कि आईपीसीसी (छठी असेसमेंट रिपोर्ट, या एआर6) द्वारा पिछले व्यापक मूल्यांकन के बाद से कितनी चीजें बदल गई हैं, जिसने 2019 तक डेटा का मूल्यांकन किया था। यह मूल्यांकन करने के लिए कि मानव गतिविधि के कारण कितने देखे गए तापमान परिवर्तन होते हैं, हमें यह ट्रैक करने की आवश्यकता है कि ये गतिविधियाँ पृथ्वी प्रणाली के भीतर ऊर्जा प्रवाह को कैसे बदलती हैं। ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन वातावरण में जमा हो जाता है, गर्मी को रोक लेता है, जबकि जलते हुए कोयले से उत्पन्न सल्फेट एरोसोल जैसे प्रदूषणकारी कण, अधिक सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करके पृथ्वी को ठंडा करते हैं। हाल के वर्षों में, ग्रीनहाउस गैसों में जोरदार वृद्धि हुई है लेकिन दुनिया भर में प्रदूषण कम हुआ है।

## काजल राघवानी और रिंकू घोष की फिल्म 'देवरानी जेठानी' का फर्स्ट लुक रिलीज



मुंबई (वार्ता)। बी4यू मोशन पिक्चर्स और वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म 'देवरानी जेठानी' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। प्रदीप सिंह कृत फिल्म देवरानी जेठानी के फर्स्ट लुक में काजल राघवानी और रिंकू घोष नजर आ रही है। निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा कि 'देवरानी जेठानी' के रिश्ते पर आधारित कई फिल्में लोगों ने देखी होगी। लेकिन हमारी फिल्म उन सब से अलग और नई है। हमने इस फिल्म का निर्माण भव्यता के साथ किया है। फिल्म महिला प्रधान है, यह तो फिल्म के लुक और नाम से पता चल गया होगा। लेकिन इसका हर एक किरदार खास है, जो फिल्म की कहानी को पूरी सार्थकता के साथ आगे लेकर चलने वाली है। फिल्म की कहानी तो हम अभी शेयर नहीं करेंगे, लेकिन फिर भी इतना कहेंगे कि इस फिल्म को कोई भी सहजता के साथ घर, परिवार के तमाम लोगों के साथ मिलकर देख सकेगा। खासकर महिलायें खुद को कहीं न कहीं फिल्म से रिलेट भी कर पाएंगी। गौरतलब है कि 'देवरानी जेठानी' में काजल राघवानी और रिंकू घोष के साथ मुख्य भूमिका में गौरव झा और देव सिंह नजर आएंगे। इसके अलावा बाल कलाकार चाहत, ललित ललित उपाध्याय, भानु पांडेय, रिंकू भारती मुख्य भूमिकाओं में है।

## जीनत अमान ने शेयर की सत्यम शिवम सुंदरम की तस्वीर

मुंबई (वार्ता) । बॉलीवुड अभिनेत्री जीनत अमान ने अपनी फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। जीनत अमान ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना अकाउंट बनाया है और तब से वह लगातार मजेदार कंटेंट शेयर करती रहती हैं। जीनत अमान ने सत्यम शिवम सुंदरम से एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। इस तस्वीर में जीनत को चटाई पर लेटे हुए देखा जा सकता है। उनके चेहरे पर मुस्कान है। तस्वीरें शेयर करते हुए जीनत अमान ने लिखा है,यहां बहुत, बहुत, बहुत गर्मी है। आप रूपा से सिखिए। इस तरह गर्मी को आप मात दे सकते हैं। इसके अलावा कोई और उपाय हैं क्या? गौरतलब है कि सत्यम शिवम सुंदरम में जीनत अमान ने रूपा की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में जीनत अमान के अलावा शशि कपूर की भी अहम भूमिका थी। सत्यम शिवम सुंदरम का निर्देशन राज कपूर ने किया था।



## सुधा चंद्रन ने तेरे वास्ते गाना पर किया डांस

मुंबई (वार्ता) । बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर सुधा चंद्रन ने फिल्म'जरा हटके जरा बचके'ट्रेंडिग सॉन्ग'तेरे वास्ते'पर डांस किया है। सुधा चंद्रन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्हें



फिल्म'जरा हटके जरा बचके'के गाने'तेरे वास्ते'पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। इस गाने पर कई रील वीडियो बनाए गए है। इसके चलते यह गाना काफी ट्रेंड हो रहा है। अब सुधा चंद्रन ने इस गाने पर एक डांस वीडियो बनाया है। सुधा चंद्रन ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है,'जरा हटके जरा बचके, क्या फिल्म है। साफ सुथरी फैमिली ड्रामा। हर कलाकार ने कमाल की एक्टिंग की है। एक गाना जो अभी ट्रेंड में है, तो मै कैसे पीछे रह सकती हूं।'

## 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2'का एंथम सॉन्ग रिलीज

मुंबई (वार्ता) । रियालिटी शो'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2'का एंथम सॉन्ग रिलीज हो गया है। वर्ष 2022 में बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन को करण जौहर ने होस्ट किया था। लेकिन इस बार बिग बॉस ओटीटी 2 को सलमान खान होस्ट करेंगे। इस शो का एंथम सॉन्ग रिलीज कर दिया गया है ।'बिग बॉस ओटीटी 2'के एंथम को मशहूर रैपर रफ्तार ने गाया है। एंथम सॉन्ग को उन्होंने ही लिखा है और कंपोज किया है। रफ्तार की झलक भी'बिग बॉस ओटीटी 2'एंथम में देखने को मिली है। सलमान खान और रफ्तार की जुगलबंदी काफी जम रही है। 'बिग बॉस ओटीटी 2'17 जून से जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगा।

## 11 अगस्त को रिलीज होगी अक्षय कुमार की 'ओह माय गॉड 2'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड 2 , 11 अगस्त को रिलीज होगी।अक्षय कुमार इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म'ओह माय गॉड'के सीक्वल'ओह माय गॉड 2'में काम कर रहे हैं ।अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर ओह माय गॉड 2 का एक पोस्टर शेयर किया है। इस फिल्म में अक्षय के साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी मुख्य किरदार में हैं। पोस्ट शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा, आ रहे है हम, आइएगा आप भी, 11 अगस्त को सिनेमाघरों में... । पोस्ट में अक्षय कुमार, भगवान शिव के गेटअप में नजर आ रहे हैं। ओह माय गॉड 2 का निर्देशन अमित राय ने किया है। इस फिलम के निर्माता अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियो हैं।






## 38 वर्ष की हुई सोनम कपूर

मुंबई (वार्ता) । बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री सोनम कपूर आज 38 वर्ष की हो गईं। अनिल कपूर की पुत्री सोनम कपूर का जन्म 09 जून 1985 में मुंबई में हुआ। घर में फिल्मी माहौल होने के कारण सोनम का झुकाव भी फिल्मों की ओर था। सोनम कपूर ने वर्ष 2007 में प्रदर्शित संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया से अपने सिने कैरियर की शुरूआत की। रणबीर कपूर की भी यह पहली फिल्म थी। हालांकि सोनम की डेब्यू फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। सोनम कपूर ने इसके बाद राकेश ओम प्रकाश मेहरा की वर्ष 2009 में प्रदर्शित फिल्म दिल्ली 6 में अभिनय किया।हालांकि यह फिल्म भी टिकट खिड़की पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन सोनम के अभिनय को दर्शको ने जरूर पसंद किया।वर्ष 2013 सोनम कपूर के करियर का महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष सोनम कपूर की रांझना और भाग मिल्खा भाग जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। वर्ष 2015 में सोनम कपूर की एक और सुपरहिट फिल्म प्रेम रतन धन पायो प्रदर्शित हुई । इस फिल्म में उन्होंने सलमान खान के साथ काम किया। फिल्म ने 200 करोड़ से अधिक की कमाई की। इसके बाद सोनम कपूर की फिल्म नीरजा प्रदर्शित हुई है। यह फिल्म एयरहोस्टेस नीरजा भनोत के जीवन पर आधारित है जिन्होंने आतंकवादियों से विमानयात्रियों की जान बचाते हुये अपनी जान दे दी थी।

## जरा हटके जरा बचके

### पहले सप्ताह में 37 करोड़ की कमाई




मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल और अभिनेत्री सारा अली खान की फिल्म जरा हटके जरा बचके ने अपने पहले सप्ताह में 37 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। सारा अली खान और विक्की कौशल की फिल्म'जरा हटके जरा बचके'02 जून को प्रदर्शित हुयी थी। फिल्म'जरा हटके जरा बचके'ने अपने पहले वीकेंड के दौरान करीब 23 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म'जरा हटके जरा बचके'दर्शकों को पसंद आ रही है।'जरा हटके जरा बचके'में सारा और विक्की की केमिस्ट्री को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।'फिल्म'जरा हटके जरा बचके'की कहानी इंदौर में सेट की गई है। यह दो कॉलेज लवर्स कपिल (विक्की कौशल) और सौम्या (सारा अली खान) की कहानी है, जो एक-दूसरे के प्यार में पागल है। दोनों शादी कर लेते है लेकिन शादी के बाद उन्हें रोमांस करने के लिए भी प्राइवेसी नहीं मिलती। ऐसे में अपने परिवार से दूर होने के लिए, कपिल और सौम्या भारत सरकार की आवास योजना के जरिए अपने घर का सपना पूरा करने की कोशिश करते हैं। हालांकि घर पाने का सफर उनके लिए आसान नहीं होता है। फिल्म'जरा हटके जरा बचके'का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर ने किया है। यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज द्वारा निर्मित है।



## काजोल ने सोशल मीडिया से लिया ब्रेक

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने सोशल मीडिया से ब्रेक ले लिया है। काजोल की सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। काजोल फैंस के साथ अपनी तस्वीरें और पर्सनल लाइफ की जानकारी शेयर करती रहती है। उनके इंस्टाग्राम पर 14.4 मिलियन फॉलोअर्स है। काजोल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर इस बात की जानकारी फैंस को दी। काजोल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कैप्शन में लिखा,'सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही हूं.''इस पोस्ट के साथ, जो तस्वीर शेयर की गई है. इसमें लिखा गया है, 'अपनी जिंदगी से सबसे मुश्किल ट्रायल को फेस करने जा रही हूं।'



## देश में 11 प्रतिशत से अधिक लोगों को मधुमेह

### 36 प्रतिशत लोग उच्च रक्तचाप के शिकार: लांसेट अध्ययन

नई दिल्ली (भाषा) । भारत में 11.4 प्रतिशत लोग मधुमेह (डायबिटीज) और 35.5 प्रतिशत लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं जबकि 15.3 प्रतिशत लोग पूर्व मधुमेह की स्थिति में हैं। लांसेट डायबिटीज एंड एंडोक्रिनोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई। देश में मधुमेह और गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) पर हुए सबसे बड़े अध्ययन में आकलन किया गया है कि 2021 में भारत में 10.1 करोड़ लोग मधुमेह के शिकार थे, वहीं 13.6 करोड़ लोग पूर्व मधुमेह (डायबिटीज से पहले के स्तर) की चपेट में थे और 31.5 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से ग्रस्त थे। मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन (एमडीआरएफ) ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ मिलकर यह अध्ययन किया जिसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्तपोषित किया है।

इसमें यह भी पाया गया कि भारत में 28.6 प्रतिशत लोग सामान्य मोटापे से ग्रस्त हैं, वहीं 39.5 प्रतिशत लोग पेट (तोंद) के मोटापे से ग्रस्त हैं। अध्ययन में पाया गया कि 2017 में भारत में करीब 7.5 प्रतिशत लोगों को मधुमेह की समस्या थी। इसका मतलब हुआ कि तब से अब तक यह संख्या 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ गयी है। राज्यों की बात करें तो मधुमेह के सर्वाधिक मामले गोवा (26.4 प्रतिशत) में हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे कम (4.8 प्रतिशत) मामले हैं। उच्च रक्तचाप के सबसे अधिक रोगी पंजाब में (51.8 प्रतिशत) हैं।



एमडीआरएफ की अध्यक्ष डॉ आर एम अंजना ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'गैर-संचारी रोगों में तेजी से वृद्धि के लिए सर्वाधिक रूप से आहार, शारीरिक गतिविधियों और तनाव के स्तर जैसी जीवनशैलियों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अच्छी खबर यह है कि इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए हस्तक्षेप किये जा सकते हैं। हमारे अध्ययन में भारत में स्वास्थ्य देखभाल की योजना और प्रावधान को लेकर अनेक निहितार्थ निकाले जा सकते हैं।' यह अध्ययन 2008 से 2020 के बीच देश के 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 1,13,043 लोगों पर किया गया जिनमें 33,537 शहरी और 79,506 ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी थे। डॉ मोहन डायबिटीज स्पेशियलिटीज सेंटर के अध्यक्ष वी मोहन ने कहा, 'भारत में राज्य सरकारों की रुचि विशेष रूप से इन एनसीडी पर विस्तृत राज्यस्तरीय आंकड़ों में होगी क्योंकि इससे वे एनसीडी को सफलतापूर्वक रोकने तथा उनकी जटिलताओं को संभालने के लिए साक्ष्य आधारित हस्तक्षेप विकसित कर सकेंगे।'अध्ययन दल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नयी दिल्ली के अनुसंधानकर्ता भी शामिल थे।

- राज्यों की बात करें तो मधुमेह के सर्वाधिक मामले गोवा (26.4 प्रतिशत) में हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे कम (4.8 प्रतिशत) मामले हैं। उच्च रक्तचाप के सबसे अधिक रोगी पंजाब में (51.8 प्रतिशत) हैं।

- 2008 से 2020 के बीच देश के 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 1,13,043 लोगों पर किया गया जिनमें 33,537 शहरी और 79,506 ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी थे।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई 50,000 करोड़ रुपए जुटाएगा




**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष में बांड के जरिए भारतीय और विदेशी बाजारों से 50,000 करोड़ रुपये जुटाएगा। बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल ने मंजूरी दी है। निदेशक मंडल ने बांड जारी कर रुपये या किसी अन्य परिवर्तनीय मुद्रा में धन जुटाने को मंजूरी दी है।

### सेल ने भारतीय खिलाड़ियों को सहायता दी

सेल SAIL

**नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत विशेष ओलंपिक खेल में शामिल होने वाले भारतीय खिलाड़ियों की वित्तीय मदद की है। विशेष ओलंपिक खेलों में शामिल होने वाले भारतीय दल के खिलाड़ियों, कोच और अधिकारियों को उनके प्रशिक्षण दी सहायता दी गई।

### बंगाल का ई-निर्यात को बढ़ावा देने करार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ऑनलाइन कारोबारी मंचों का उपयोग कर ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देना चाहती है। ई-निर्यात हाट में राज्य की उद्योग मंत्री शशि पांजा ने कहा कि प्रौद्योगिकी की मदद से ई-कॉमर्स निर्यात से राज्य के निर्यातकों को बेहतरीन मंच मिल सकता है। कोलकाता समेत राज्य के अन्य जिलों के लगभग 200 संभावित निर्यातक शामिल हुए।

### स्पाइसजेट पांच बी737 मैक्स करेगा शामिल




**मुंबई।** किफायती एयरलाइन स्पाइसजेट ने शुक्रवार को कहा कि वह इस साल अक्टूबर तक पांच बी737 मैक्स समेत 10 कम चौड़ाई के बोइंग विमान पट्टे पर लेने की योजना बना रही है। स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा वह इसबीच अपने उड़ान नहीं भर रहे विमानों को बहाल करने पर भी काम कर रही है और ये विमान जल्द ही सेवा में वापस आने लगेंगे।

# एलआईसी ने दो महीनों में चार भारतीय कंपनियों के शेयरों में की जमकर खरीदारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दो महीने से ज्यादा समय में एलआईसी शॉपिंग में लगातार इजाफा जारी है। मार्च मध्य के बाद से जून की शुरुआत तक एलआईसी ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध 4 बड़ी कंपनियों में अपने निवेश में इजाफा किया है।

जिसमें देश की सबसे बड़ी सरकारी स्टील कंपनी सेल यानी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया भी शामिल है। हाल ही में इंश्योरेंस कंपनी ने देश के बड़ी टेक कंपनी में भी निवेश किया है और शूज और चप्पल बेचने वाली कंपनी बाटा में निवेश किया है। यहां तक टाटा पॉवर भी एलआईसी की शॉपिंग लिस्ट में शामिल रही। भारतीय जीवन बीमा निगम यानी एलआईसी ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी सेल में अपनी हिस्सेदारी चालू तिमाही में 175 बेसिस प्वाइंट बढ़ाकर 8.687 फीसदी कर ली है।

## स्टील से लेकर जूता बनाने वाली कंपनियों के शेयर खरीदे

### सेल में बढ़ाया निवेश

मार्च तिमाही के अंत में स्टीलमेकर में उसकी हिस्सेदारी 6.93 फीसदी थी। बीएसई को फाइलिंग में, एलआईसी ने कहा कि उसने 14 अक्टूबर, 2021 और 8 जून, 2023 के बीच 66.18 रुपए की औसत कीमत पर सेल में 2 फीसदी हिस्सेदारी में इजाफा किया है। सेल के शेयर शुक्रवार के सत्र में बीएसई पर 82.90 रुपये पर बंद हुए। शुक्रवार को बंद होने तक सेल में एलआईसी की 8.687 फीसदी हिस्सेदारी 2,974.29 करोड़ रुपये थी।




**बाटा पर भी आया दिल**

इसके अलावा, एलआईसी ने कहा कि बाटा इंडिया में उसकी हिस्सेदारी 31 मार्च को 64,36,692 शेयरों या 5.01 प्रतिशत से बढ़कर 83,95,740 शेयर या 6.532 प्रतिशत हो गई। 15 मार्च, 2023 को एलआईसी के पास बाटा इंडिया में 57,80,329 शेयर या 4.497 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। बाटा इंडिया के लिए, खरीदे गए शेयरों की औसत लागत 15 मार्च से 24 मई के बीच 1,433.54 रुपये रही।

### टाटा पावर में भी शेयर होल्डिंग

इससे पहले 25 मई को एलआईसी ने कहा था कि जीवन बीमा कंपनी ने टाटा पावर और बाटा इंडिया जैसे दो शेयरों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। एलआईसी ने शेयर बाजार को जानकारी देते हुए कहा कि टाटा पावर में, एलआईसी ने मार्च तिमाही के अंत में 24,01,67,154 शेयरों या 7.52 प्रतिशत हिस्सेदारी से 25,35,37,551 शेयर या चुकता पूंजी का 7.935 प्रतिशत बढ़ा दिया। अप्रैल 2019 में, एलआईसी के पास टाटा पावर में 18,90,70,215 शेयर या 5.917 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। एलआईसी ने कहा कि उसने अप्रैल 2019 और मई 2023 के बीच टाटा पावर लिमिटेड में 2.08 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। खरीदे गए शेयरों की औसत लागत 234.02 रुपये थी।

### टेक महिंद्रा की हिस्सेदारी में किया इजाफा

इस हफ्ते की शुरुआत में एलआईसी ने स्टॉक एक्सचेंजों को जानकारी दी कि उसने टेक महिंद्रा में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 8.88 फीसदी कर ली है। तिमाही शेयर होल्डिंग के आंकड़ों के अनुसार, यह 31 मार्च को आईटी प्रमुख में 8.07 फीसदी हिस्सेदारी से 81 आधार अंक अधिक है। एलआईसी ने कहा कि टेक महिंद्रा में उसकी हिस्सेदारी 11 नवंबर, 2022 और 6 जून, 2023 के बीच खुले बाजार में खरीद के माध्यम से 2.015 प्रतिशत अंक बढ़ी है। टेक महिंद्रा की हिस्सेदारी 6.869 प्रतिशत से बढ़कर 8.884 प्रतिशत हो गई है।

- व्यक्तिगत और व्यावसायिक यात्राओं पर किए खर्च पर अंतर किया जा सके
- विदेश में क्रेडिट कार्ड से किए खर्च पर टीसीएस लगाने में उपयोगी होगा

## आईटी विभाग पूछे जाने वाले सवाल पर एक स्पष्टीकरण लाएगा

# क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन पर टीसीएस को लेकर खत्म होगी दुविधाएं

### 20 प्रतिशत 'स्रोत पर कर संग्रह' लगाने पर स्थिति स्पष्ट की जाएगी


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जल्द ही 'अक्सर पूछे जाने वाले सवाल' के रूप में एक स्पष्टीकरण लाएगा ताकि व्यक्तिगत यात्राओं और व्यावसायिक यात्राओं पर किए गए खर्च के बीच अंतर किया जा सके। विदेश में क्रेडिट कार्ड से किए जाने वाले खर्च पर टीसीएस लगाए जाने के संबंध में यह उपयोगी होगा।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि एफएक्यू जारी कर विदेश में क्रेडिट कार्ड से किए जाने वाले भुगतान पर 20 प्रतिशत 'स्रोत पर कर संग्रह' (टीसीएस) लगाने पर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। टीसीएस वसूलने की व्यवस्था एक जुलाई से लागू होने वाली है।

### एलआरएस के दायरे में लाने का फैसला

मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड के जरिये होने वाले खर्च को उदारीकृत धनप्रेषण योजना (एलआरएस) के दायरे में लाने का फैसला किया था, जिसके चलते उस पर 20 प्रतिशत टीसीएस लागू होता है। इसको लेकर विशेषज्ञों और संबंधित पक्षों ने तीखी प्रतिक्रिया जताई थी। एक चिंता इस बात को लेकर भी जताई गई थी कि बैंकों द्वारा व्यक्तिगत और व्यावसायिक खर्चों को किस तरह से अलग किया जाएगा।




### ढाई लाख डॉलर से अधिक धन प्रेषण के लिए मंजूरी लेनी होगी

मंत्रालय ने गत मंगलवार को इस संदर्भ में एक अधिसूचना जारी कर फेमा कानून में संशोधन किए जाने की जानकारी दी थी। इस अधिसूचना में एलआरएस को शामिल करने के बाद 2.5 लाख डॉलर से अधिक मूल्य की विदेशी मुद्रा के किसी भी धन-प्रेषण के लिए आरबीआई की मंजूरी लेनी जरूरी होगी। इस अधिसूचना के पहले तक विदेश यात्रा के दौरान खर्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से किए गए भुगतान एलआरएस के दायरे में नहीं आते थे।

### कर संबंधी पहलुओं में समानता लाना

इससे पहले वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से विदेश में होने वाला खर्च उदारीकृत धन-प्रेषण योजना (एलआरएस) के दायरे में लाने के लिए फेमा कानून में बदलाव करने का मकसद डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड से भेजी गई राशि के कर संबंधी पहलुओं में समानता लाना है।

### 2021-22 में एलआरएस के तहत 19.61 अरब डॉलर भेजे गए

विदेश पैसे भेजने की सुविधा देने वाली कंपनियों से मिले आंकड़ों से पता चला कि 2.50 लाख डॉलर की मौजूदा एलआरएस सीमा से अधिक खर्च की अनुमति वाले अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड जारी किए जा रहे हैं। मंत्रालय के मुताबिक, आरबीआई ने भी कई बार सरकार को पत्र लिखा था कि विदेश में डेबिट एवं क्रेडिट से किए जाने भुगतान को लेकर अलग बर्ताव खत्म किया जाना चाहिए। वित्त वर्ष 2021-22 में एलआरएस के तहत कुल 19.61 अरब डॉलर बाहर भेजे गए जबकि वर्ष 2020-21 में यह आंकड़ा 12.68 अरब डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह राशि बढ़कर 24 अरब डॉलर हो गई।

### संदेह की स्थिति स्पष्ट होगी

इस पर वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव (कर नीति और विधायन) रमन चोपड़ा ने कहा कि सरकार जल्द ही टीसीएस प्रावधान लागू होने पर स्पष्टीकरण जारी करेगी। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम में कहा, 'वित्त सचिव, राजस्व सचिव और वित्त मंत्री के साथ काफी चर्चा हुई है। हम निश्चित रूप से उस पर कुछ स्पष्टीकरण और एफएक्यू लाने जा रहे हैं। इससे इस संदेह को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी कि टीसीएस किस तरह एकत्रित किया जाना है और किस सीमा तक इसे नहीं लिया जाएगा।'

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई में आधा होकर 3,240 करोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- निवेश में लगातार दूसरे महीने में गिरावट आई
- इक्विटी वर्ग में पूंजी प्रवाह बने रहने का यह लगातार 27वां महीना

इक्विटी म्यूचुअल फंड में होने वाला निवेश मई के महीने में आधा होकर 3,240 करोड़ रुपये रह गया। चढ़ते बाजार में निवेशकों के मुनाफा वसूली करने से इस निवेश में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई है। म्यूचुअल फंड का प्रबंधन करने वाली कंपनियों के संगठन एम्फी की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह तथ्य सामने आया है। हालांकि इक्विटी वर्ग में पूंजी प्रवाह बने रहने का यह लगातार 27वां महीना रहा। म्यूचुअल फंड उद्योग में निवेश मई में भी जारी रहा और ऋण-उन्मुख योजनाओं में 57,420 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इससे पिछले महीने में 1.21 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ था। ऋण आधारित योजनाओं में पिछले महीने शुद्ध रूप से 46,000 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो अप्रैल में आए 1.06 लाख करोड़ के निवेश के आधे से भी कम है। म्यूचुअल फंड उद्योग के प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियों का आकार अप्रैल अंत के 41.62 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मई अंत में 43.2 लाख करोड़ रुपये हो गया। आंकड़ों के अनुसार, मई में इक्विटी म्यूचुअल फंड में 3,240 करोड़ रुपये आए, जो अप्रैल में आए 6,480 करोड़ रुपये से बहुत कम हैं।


### बाजार में मुनाफावसूली से निवेश गिरा

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी के बिक्री एवं विपणन प्रमुख मनीष मेहता ने कहा, 'बाजार में जारी तेजी के बीच मुनाफावसूली करने के अलावा छुट्टियां मनाने और शिक्षा के लिए खर्च बढ़ने से संभवतः मई में म्यूचुअल फंड में निवेश घटा है।' इसके अलावा मासिक किस्तों के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मई, 2023 के दौरान बढ़कर 14,000 करोड़ रुपये को पार कर गया। यह अप्रैल में 13,728 करोड़ रुपये रहा था।

- इससे पहले लगातार दो हफ्ते से विदेशी मुद्रा भंडार घटा

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 595 अरब डॉलर

एजेंसी ⏭ मुंबई



- स्वर्ण मुद्रा भंडार बढ़कर 45 .557 अरब डॉलर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो जून को समाप्त सप्ताह में 5.929 अरब डॉलर बढ़कर 595.067 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले लगातार दो सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार घटा था। इससे पहले के सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.34 अरब डॉलर घटकर 589.14 अरब डॉलर रह गया था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक घटनाओं के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपये के बचाव के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने से इसमें गिरावट आई। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, दो जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.27 अरब डॉलर बढ़कर 526.201 अरब डॉलर हो गयीं। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

## मारुति ने हल्के वाणिज्यिक वाहन को बाजार में उतारा




**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपनी हैचबैक कार आल्टो के10 पर आधारित हल्के वाणिज्यिक वाहन टूर एच1 को बाजार में उतारा है जिसकी शुरुआती कीमत 4.8 लाख रुपये है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि टूर एच1 मॉडल का सीएनजी संस्करण भी पेश किया गया है जिसकी कीमत 5.7 लाख रुपये रखी गई है। यह वाणिज्यिक मॉडल एक लीटर पेट्रोल इंजन एवं सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा, 'शुरुआती स्तर का यह वाणिज्यिक मॉडल आल्टो के10 की विरासत एवं भरोसे को आगे बढ़ाने वाला है।'

# शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 223 अंक फिसला



- यूरोपीय बाजार में कमजोर शुरूआत रही
- आईटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली

**मुंबई।** यूरोपीय बाजारों में कमजोर शुरुआत के बीच निवेशकों ने दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली कंपनियों, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को बिकवाली की जिससे प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 223.01 अंक यानी 0.35 प्रतिशत गिरकर 62,625.63 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 71.15 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 18,563.40 पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 78.52 अंक चढ़ा, जबकि निफ्टी में 29.3 अंक तेजी हुई।

### इन शेयरों में रही गिरावट

सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से टाटा स्टील सर्वाधिक दो प्रतिशत टूटा। इसके अलावा एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, आईटीसी, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी गिरावट के साथ बंद हुए।

### इनमें रही बढ़त

दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा मोटर्स में बढ़त दर्ज की गई। इस दौरान व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हुई, जबकि स्मॉल कैप सूचकांक 0.02 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ।

## बिजनेस साइट

# 73.67 लाख लोगों को मिला रोजगार का अवसर

**रायपुर।** खादी एवं ग्रामोद्योग द्वारा संचालित परियोजनाओं की स्थापना करके 73.67 लाख लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान किया है। यही नहीं 80% से अधिक इकाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित की गई हैं। जिनमें से 50%से अधिक इकाइयों का नेतृत्व एससी, एसटी और महिला उद्यमी कर रही हैं। इतना ही नहीं, आकांक्षी जिलों में 14% से अधिक इकाइयां स्थापित की गई हैं। वर्ष 2022-23 में उपलब्धि 85167 इकाइयों की थी जिसमें 9.37 लाख रोजगार के अवसर सृजित हुए। गरीब कल्याण और समाज के सबसे निम्न स्तर पर कार्य करने वाले कारीगरों के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग 'ग्राम विकास योजना' के तहत कई काम संचालित कर रहा है। "हनी मिशन" के अंतर्गत 2017-18 से अब तक 19118 लाभार्थियों को 1 लाख 89 हजार 989 मधुमक्खी-बॉक्स और मधुमक्खी कालोनी का वितरण किया जा चुका है।'कुम्हार सशक्तिकरण' के माध्यम से अभी तक 25 हजार से अधिक कुम्हारों को आधुनिक विद्युत चालित चाक (इलेक्ट्रिकपॉटर व्हील) का वितरण किया गया है।



# चांदी में 1050 रुपए का उछाल



- सोने में 440 रुपए की तेजी
- सोना बढ़कर 60,820 रुपए प्रति दस ग्राम

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 440 रुपये की तेजी के साथ 60,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,050 रुपये के उछाल के साथ 74,350 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली सराफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत 440 रुपये की तेजी के साथ 60,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। विदेशी बाजारों में सोना तेजी के साथ 1,964 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी तेजी के साथ 24.35 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# घरेलू जीडीपी वृद्धि को अच्छा समर्थन : एसबीआई अध्ययन

**कोलकाता।** घरेलू सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि को अब शहरी मांग से अच्छा समर्थन मिल रहा है लेकिन ग्रामीण मांग में कमी अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक एसबीआई ने अपने एक अध्ययन में यह आकलन पेश किया है। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत से संशोधित कर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।2023-24 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जीडीपी पूर्वानुमान में अप्रैल 2023 से कुछ बदलाव आया है। आरबीआई ने अप्रैल में 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

# नारायणा हॉस्पिटल में गैस्ट्रो जेजूनोस्टॉमी से मरीज को मिला जीवन



**रायपुर।** गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी के क्षेत्र में भरोसेमंद अत्याधुनिक टेक्निक से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने की श्रृखला में देवेंद्र नगर स्थित नारायणा हॉस्पिटल को बड़ी सफलता मिली है। गैस्ट्रोइंट्रोलॉजिस्ट डॉ.भाविक शाह ने ईयूएस गाइडेड से जटिल बीमारी से राहत दी है। एंडोस्कोपिक गैस्ट्रो जेजूनोस्टॉमी द्वारा एक मरीज को नई जिंदगी मिली है।

डॉ. भाविक ने बताया कि रायपुर निवासी 61 वर्षीया शैलाभ नायक ( परिवर्तित नाम ) को कुछ दिनों पहले ब्रेस्ट में एवं पेट में कैंसर डायग्नोज हुआ। पिछले डेढ़ माह से खाना खाने के बाद पेट में दर्द होने लगता था एवं उल्टियां होने लगती थी। ऐसी स्थिति में मरीज की नाक में रायल्स ट्यूब डालकर केवल लिक्विड डाइट दिया जाता है। इससे मरीज को खाने के स्वाद का पता नहीं चलता, क्योंकि मरीज को पेट में कैंसरस ट्यूमर था। जिसे सर्जरी से ऑपरेट करके बायपास बनाना ही एकमात्र विकल्प था। मरीज की उम्र व गंभीर स्थिति को देखते हुए सर्जरी करना जानलेवा साबित हो सकता था। एक अन्य विकल्प में ट्यूमर की जगह पर एक बड़ा स्टैंट डालकर खाना जाने का रास्ता बनाया जाता है। इस टेक्निक में ट्यूमर के बढ़ने से स्टैंट डालकर बने रास्ते में ब्लॉकेज होने की संभावना बढ़ जाती है। तब ऐसी स्थिति में डॉ.भाविक शाह ने तीसरे विकल्प के रूप में मरीज की गाइडेड गैस्ट्रो जेजूनोस्टॉमी करने का फैसला लिया। इस प्रोसीजर में इंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड द्वारा ट्यूमर के एरिए को बायपास करके पेट और आंतों को जोड़ दिया गया। इससे मरीज ने अगले दिन से ही मुँह से खाना खाना प्रारंभ कर दिया और अब वह पूर्णतः स्वस्थ है। हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.सुनील खेमका ने बताया कि पेट,आंत एवं लीवर से संबंधित रोगों के इलाज के लिए अभी प्रचलित आधुनिक नई टेक्नोलॉजी से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का प्रयास कर रहे हैं।

# मर्सिडीज बेंज ने ढाई करोड़ से अधिक की जी-400 डी को किया लांच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- ऑफ रोडिंग एसयूवी की टॉप स्पीड 210 किलोमीटर प्रतिघंटे है

मर्सिडीज-बेंज ने भारयीय बाजार में अपडेटेड जी-क्लास लाइन-अप को लांच किया है, जिन्हें जी 400डी एडवेंचर और जी 400डी एएमजी लाइन नाम से पेश किया गया है। जर्मन कार निर्माता ने नए वैरिएंट को जी 350डी वैरिएंट से रिप्लेस किया है।

कंपनी जी-क्लास के दोनों नए जी 400डी वैरिएंट की कीमत 2.55 करोड़ रुपए (एक्स-शोरूम) है, जो कि मौजूदा जी 350डी से 83 लाख रुपए ज्यादा अधिक है। कस्टमर एसयूवी को 1.5 लाख रुपए देकर बुक कर सकते हैं। बुकिंग के मामले में मौजूदा मर्सिडीज-बेंज ऑनर को प्रायोरिटी दी जाएगी। कंपनी साल की आखिरी क्वार्टर में कार की डिलीवरी शुरू कर देगी।

- नए वैरिएंट को जी 350डी वैरिएंट से रिप्लेस किया



### जी 400डी एडवेंचर एडिशन के फीचर्स

जी 400डी एडवेंचर एडिशन को मर्सिडीज ने खासतौर पर भारत के लिए तैयार किया है। इसमें कई एडवेंचर स्पेसिफिक एलिमेंट्स जैसे रूफ रैक, रियर में रिमूवेबल लेडर, 5-स्पॉक 18-इंच अलॉय व्हील और टेलगट माउंट फुल साइज स्पेयर व्हील दिए गए हैं। जी 400डी एडवेंचर एडिशन में 25 कलर ऑप्शन मिलते हैं, जिनमें 4 नए एक्सक्लूसिव कलर - सेंड नॉन-मैटलिक, विंटेज ब्लू नॉन-मैटेलिक, टरवरटाइन बैज मैटेलिक और साउथ सियाज ब्लू मैटेलिक शामिल है।

### जी 400डी एएमजी लाइन के फीचर्स

जी 400डी एएमजी लाइन जी-क्लास का स्पोर्टी वर्जन है। इसमें नप्पा लेदर अपहोल्स्ट्री, स्पोर्टी मल्टीफंक्शन स्टीयरिंग व्हील, 20-इंच अलॉय व्हील और स्टेनलेस स्टील स्पेयर व्हील कवर शामिल हैं। अन्य फीचर की बात करें तो इसमें मल्टीबीम एलईडी हेडलैंप्स, बर्मस्टर सराउंड साउंड सिस्टम, 64 कलर एम्बिएंट लाइटिंग और स्लाइडिंग सनरूफ जैसे फीचर भी दिए गए हैं।

### जी-क्लास लाइन-अप : परफॉर्मेंस

जी 400डी में 3 लीटर का ओएम 656 इनलाइन 6-सिलेंडर डीजल इंजन दिया गया है जो 330एचपी की पावर और 700एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इस इंजन को 9-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है। जी-क्लास को 0-100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ने में सिर्फ 6.4 सेकेंड का समय लगता है और कार की टॉप स्पीड 210किमी है।

### ईको फ्रेंडली मैटेरियल से बनी है कार

कंपनी ने जी 400डी में हाई-क्वालिटी रिसाइकिल प्लास्टिक से बने कंपोनेंट यूज किए हैं। इसके अलावा केबिन में भी ईको-फ्रेंडली मैटेरियल का इस्तेमाल किया गया है, जिनमें लेटेक्स इमुल्सन के साथ कोकोनट फाइबर शामिल है। केबिन डोर पैनल के स्ट्रक्चर में बैकरेस्ट कुशनिंग और वुड फाइबर का उपयोग किया गया है।

# लाबुशेन का गेंद से छेड़छाड़ करते वीडियो वायरल, बॉल टैम्परिंग का आरोप

एजेंसी ▸▸ लंदन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जा रहा है। लंदन के ओवल में खेले जा रहे फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पकड़ मजबूत कर ली है। दूसरे दिन भारत ने पांच विकेट गंवा दिए। कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा पवेलियन लौट गए। हालांकि, पूर्व पाकिस्तानी दिग्गज ने पैट कमिंस के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पर बॉल टैम्परिंग का आरोप लगाया है।



पाकिस्तानी दिग्गज का कहना है कि विराट और पुजारा को आउट करने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बॉल टैम्परिंग की।

पाकिस्तान के लिए 19 टेस्ट और 50 वनडे खेलने वाले पूर्व बैटर बासित अली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय पारी के 15वें ओवर के आसपास गेंद से छेड़छाड़ की शुरुआत की ताकि पुजारा और कोहली को जल्द से जल्द पवेलियन भेजा जा सके। जहां पुजारा को कैमरन ग्रीन ने पारी के 14वें ओवर में क्लीन बोल्ड किया, वहीं कोहली को मिचेल स्टार्क ने 19वें ओवर स्लिप में कैच आउट कराया।

## पाकिस्तानी दिग्गज आसित अली ने लगाया आरोप, दिए सबूत

### कमेंटेटर्स-अंपायर्स पर साधा निशाना

बासित ने कहा कि वह ये देखकर हैरान हैं कि कोई भी ऑस्ट्रेलिया की प्लानिंग तक को देख नहीं सका। चाहे वह कमेंटेटर्स हों या मैच ऑफिशियल्स या भारतीय बैटर्स, कोई भी ऑस्ट्रेलियाई टैक्टिक्स को पकड़ नहीं सका। अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए वीडियो में बासित कहते हैं- कमेंट्री बॉक्स से लेकर अंपायर्स तक, पहले मैं उन लोगों के लिए ताली बजाना चाहूंगा जो यह मैच देख रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने साफतौर पर गेंद से छेड़छाड़ की और कोई इस बारे में बात नहीं कर रहा है।



### लाबुशेन का वीडियो वायरल

*इस बीच ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह क्रेप बैंड जो कि खुरदुरा होता है, उससे गेंद को रगड़ते दिख रहे हैं। ट्विटर पर यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया यूजर्स पूछ रहे हैं कि क्या क्रेप बैंड से गेंद को रगड़ने की इजाजत है? क्या इसके लिए अंपायर की सहमति की जरूरत नहीं होती?*

### 'पुजारा को भी बेईमानी से किया आउट'

बासित ने कहा- जडेजा गेंद को ऑन साइड में खेलना चाह रहे थे, लेकिन गेंद पॉइंट के पास गई। क्या अंपायर्स अंधे हो गए हैं। ऊपर वाला जानता है कि जो लोग वहां मौजूद हैं और इतनी आसान चीजों को नोटिस नहीं कर पा रहे हैं। पुजारा के विकेट को लेकर बासित ने कहा- कैमरन ग्रीन ने जो गेंद पुजारा को फेंकी, उसमें चमक वाला हिस्सा पुजारा की ओर था और गेंद पुजारा को अंदर की तरफ आई और वह क्लीन बोल्ड हो गए। मैं आश्चर्य में हूं। बीसीसीआई इतना बड़ा क्रिकेट बोर्ड है, क्या उन्होंने इतनी बड़ी चीज नोटिस नहीं की? इसका मतलब है कि आपका फोकस क्रिकेट पर नहीं है।

### '16वें ओवर से शुरू हुई बॉल टैम्परिंग'

बासित ने कहा कि भारतीय पारी का 16वां से 18वां ओवर बॉल टैम्परिंग का सबसे बड़ा सबूत है। भारतीय पारी के 18वें ओवर में अंपायर रिचर्ड कैटलबोरो के निर्देश पर गेंद बदली गई, तब तक गेंद खराब हो गई थी। जब रिप्लेसमेंट बॉक्स आया तो नई गेंद ली गई। इसी दौरान ऑस्ट्रेलिया की तरफ से छेड़छाड़ शुरू हो गई थी। बासित ने कहा- आप 16वें, 17वें और 18वें ओवर को देखें जब विराट आउट हुए। उस गेंद की चमक देखिए। मिचेल स्टार्क के हाथों में गेंद और गेंद की चमक बाहर (दाईं) की तरफ है। लेकिन गेंद विराट को अंदर आने की बजाय बाहर की तरफ गई।

## खबर संक्षेप



### भारतीय बैडमिंटन टीम की घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ ने इंडोनेशिया में होने वाली एशिया जूनियर चैंपियनशिप के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय की टीम की घोषणा की जिसमें तारा शाह और आयुष शेट्टी जैसे बेहतरीन खिलाड़ियों को जगह दी गई है। इस चैम्पियनशिप का आयोजन सात से 16 जुलाई तक इंडोनेशिया के योग्याकार्ता में होगा। तारा विश्व बैडमिंटन महासंघ की रैंकिंग में बालिका वर्ग में सातवें स्थान पर है। बालक वर्ग में आयुष शेट्टी 20वें स्थान पर है। ट्रायल में लक्ष्य शर्मा और रक्षिता श्री एस के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम में क्रमशः बालक और बालिका वर्ग में जगह बनाने में सफल रहे।

### इटली-उरूग्वे खेलेंगे खिताबी मुकाबला

ला प्लाटा। इटली और उरूग्वे अंडर 20 विश्व कप फुटबॉल फाइनल में रविवार को एक दूसरे के आमने सामने होंगे। इटली ने दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में 2-1 से हराया जबकि उरूग्वे ने इस्राइल को 1-0 से मात दी। दोनों मैच इसी मैदान पर खेले गए और फाइनल तथा तीसरे स्थान का मुकाबला भी यहीं होगा। उरूग्वे 1997 और 2013 में फाइनल में पहुंच चुका है लेकिन अर्जेंटीना और फ्रांस से हार गया। इटली पहली बार फाइनल खेलेगा। तीसरे स्थान के मुकाबले में इस्राइल का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।



### छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की बैठक आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन की बैठक 10 जून को रखी गई है। जनरल सेक्रेटरी गुरुचरण सिंह होरा के इस्तीफे के बाद रिक्त पद को भरने संबंधी एजेंडे को लेकर यह बैठक की जा रही है। 20 सितंबर 2022 से यह पद रिक्त है। स्पेशल जनरल बॉडी की मीटिंग में शेष कार्यकाल अर्थात 10 जून 2023 से 7 अगस्त 2024 तक के लिए पद पर नवीन नियुक्ति होगी। इंडोर स्टेडियम स्थित ओलंपिक संघ के कार्यालय में आज शाम 4 बजे यह बैठक होगी।

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल : दूसरी पारी में कंगारू टीम का स्कोर 123/4

# ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 296 रन की बढ़त, मुश्किल में फंसी टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸ लंदन

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मैच पर अपनी पकड़ को काफी ज्यादा मजबूत कर लिया है। लंदन के केनिंग्टन ओवल मैदान पर खेले जा रहे इस मुकाबले में कंगारू टीम अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 123 रन बना चुकी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी बढ़त को 296 रनों पर पहुंचा लिया है। स्टम्प्स के समय मार्नस लाबुशेन 41 और कैमरन ग्रीन 7 रन बनाकर नाबाद लौटे।

तीसरे दिन के पहले सत्र का खेल शुरू होने के साथ भारतीय टीम को छठा झटका केएस भरत के रूप में 152 के रूप में लगा। भरत को स्कॉट बोलैंड ने 5 के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा। अजिंक्य रहाणे 89 रन बनाकर पैट कमिंस की गेंद पर स्लिप पर अपना कैच थमा बैठे। इसके बाद 271 के स्कोर पर उमेश यादव के रूप में टीम इंडिया ने अपना 8वां विकेट गंवा दिया। शार्दुल ठाकुर ने यहां से तेजी के साथ रन बनाते हुए अपने टेस्ट कॅरियर का चौथा अर्धशतक पूरा किया। हालांकि वह भी 51 रन बनाकर कैमरन ग्रीन का शिकार बने। मिचेल स्टार्क ने मोहम्मद शमी को 13 के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजने के साथ भारतीय टीम की पहली पारी को 296 रनों पर समेट दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी के आधार पर 173 रनों की बड़ी बढ़त भी हासिल कर ली। कंगारू टीम की तरफ से कप्तान पैट कमिंस ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए।



### लाबुशेन ने जमाया पांव

भारत को पहला विकेट डेविड वार्नर के रूप में मिला। उमेश यादव ने ख्वाजा को 13 के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा। स्मिथ और लाबुशेन के बीच में तीसरे विकेट के लिए 62 रनों की अहम साझेदारी देखने को मिली। रवींद्र जडेजा ने स्मिथ को 34 के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजने के साथ टीम इंडिया को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे ट्रेविस हेड ने भी तेजी के साथ रन बनाने की कोशिश की लेकिन वह भी 18 रन बनाकर जडेजा का शिकार बने।

### कंगारुओं ने पहली पारी में बनाए थे 469 रन

गौरतलब है कि टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी कंगारू टीम 76 रनों पर 3 विकेट गवांकर संघर्ष कर रही थी, लेकिन इसके बाद ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ ने 285 रनों की पार्टनरशिप कर टीम को मुश्किल से निकाल लिया। ट्रेविस हेड 174 गेंदों पर 163 रन बनाकर पवैलियन लौटे। उन्होंने अपनी पारी में 25 चौके और 1 छक्का लगाया। जबकि स्टीव स्मिथ ने 268 गेंदों पर 121 रनों की शानदार पारी खेली। 10 विकेट पर कंगारुओं ने 469 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया पहली पारी : 469

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित पगबाधा बो कमिंस | 15 | 26 | 2 | 0 |
| शुभमन गिल बो बोलैंड | 13 | 15 | 2 | 0 |
| चेतेश्वर पुजारा बो ग्रीन | 14 | 25 | 2 | 0 |
| कोहली का स्मिथ बो स्टार्क | 14 | 31 | 2 | 0 |
| रहाणे का ग्रीन बो कमिंस | 89 | 129 | 11 | 1 |
| जडेजा का स्मिथ बो लियोन | 48 | 51 | 7 | 1 |
| श्रीकर भरत बो बोलैंड | 05 | 15 | 0 | 0 |
| शार्दुल का कैरी बो ग्रीन | 51 | 109 | 6 | 0 |
| उमेश यादव बो कमिंस | 05 | 11 | 1 | 0 |
| शमी का कैरी बो स्टार्क | 13 | 11 | 2 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 29, कुल : 69.4 ओवर में 296/10

गेंदबाजी : स्टार्क 13.4-0-71-2, कमिंस 20-2-83-3, बोलैंड 20-6-59-2, ग्रीन 12-1-44-2, लियोन 4-0-19-1.

## भारत ने इकलौता एटीपी 250 टूर्नामेंट भी गंवाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टेनिस को करारा झटका देते हुए उसके इकलौते एटीपी 250 टूर्नामेंट मेजबानी ले ली गई है जो 1996 से भारत में हो रहा था और पिछले कुछ साल में टाटा ओपन महाराष्ट्र के नाम से खेला गया। तमिलनाडु टेनिस संघ ने 13 साल के बाद जब मेजबानी छोड़ने का फैसला लिया तो महाराष्ट्र प्रदेश लॉन टेनिस संघ ने 2018 में इसे देश से बाहर जाने से बचाया। यह टूर्नामेंट एमएसएलटीए, महाराष्ट्र सरकार, आईएमजी और राइज वर्ल्डवाइड के बीच एक समझौता था। एमएसएलटीए के सचिव सुंदर अय्यर और टूर्नामेंट निदेशक प्रशांत सुतार ने एक बयान में कहा, 'आईएमजी और राइज के साथ करार खत्म हो गया है। एमएसएलटीए ने पांच साल तक टूर्नामेंट के सफल आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पूरी की। महाराष्ट्र सरकार और हमारे प्रायोजक टाटा ने महाराष्ट्र में टेनिस को बढ़ावा देने के लिए सहायता का वादा किया है। जब भी किसी बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी का मौका मिलेगा जो खिलाड़ियों और भारतीय टेनिस के हित में होगा।'



### 80 अंक ही ले सके भारतीय खिलाड़ी

अपनी निचली रैंकिंग के कारण भारतीय खिलाड़ी इसमें वाइल्ड कार्ड पर खेलते हैं। टूर्नामेंट में पिछले पांच सत्रों में 1250 रैंकिंग अंक मिले और भारतीय खिलाड़ी 80 ही ले सके। वे कभी दूसरे दौर के आगे नहीं गए। ऐसे में इस तरह के बड़े टूर्नामेंट की बजाय चैलेंजर टूर्नामेंट बेहतर होते हैं। चैलेंजर टूर्नामेंट खेलकर ही युकी भांबरी 2015 में शीर्ष सौ में पहुंचे। बेंगलुरु चैलेंजर जीतकर सुमित नागल और प्रजनेश गुणेश्वरन का कॅरियर परवान चढ़ा।

## भारत का जीत से आगाज मंगोलिया को 2-0 से हराया

अब्दुल और छांगटे ने क्रमशः दूसरे और 14वें मिनट में दागे गोल

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

भारत ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप के अपने शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को यहां मंगोलिया पर 2-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। सहल अब्दुल समद और लल्लिंजुआला छांगटे ने क्रमशः दूसरे और 14वें मिनट में गोल किया जिससे रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज भारत ने 183वें रैंकिंग की टीम टीम को शिकस्त दी।

साल 2018 में चैंपियन बने भारत ने मैच के अधिकांश समय पर अपना दबदबा बनाए रखा और गोल करने के कई मौके बनाए। भारतीय टीम दूसरे हाफ में कई मौके मिलने के बाद भी गोल करने में विफल रही जो मुख्य कोच इगोर स्टिमक के लिए चिंता का सबब होगा। टीम के कप्तान और करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री और लालेंगमाविया राल्ते लय में नहीं दिखे। छेत्री की जगह 71वें मिनट पर रहीम अली तो वही राल्ते की जगह जैक्सन सिंह मैदान पर उतरे। भारत अपने दूसरे राउंड रोबिन मैच में सोमवार को वनुआतु का सामना करेगा।



## भारत को करनी चाहिए थी फुललैंग्थ गेंदबाजी



*लंदन। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में फुललैंग्थ गेंदबाजी नहीं करके भारत ने अपना ही नुकसान किया है। सिराज ने 108 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन उनके अलावा कोई और गेंदबाज आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 469 रन बनाने से रोक नहीं सका। पोंटिंग ने आईसीसी से कहा, 'सिराज बेहद प्रतिस्पर्धी है। कई बार भावनाओं में बह जाता है लेकिन जब हालात अनुकूल नहीं हो तो टीम में ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत होती है। कल सुबह पहली गेंद से दूसरे दिन दोपहर तक वह 86 या 87 मील की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा था और यही उसके तेवर बताता है।'*

## फ्रेंच ओपन : फाइनल में पहुंचे जोकोविच

*पेरिस। नोवाक जोकोविच ने अपने अनुभव और शानदार फिटनेस का इस्तेमाल करते हुए शुक्रवार को फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में कार्लोस अल्करेज को 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से शिकस्त देकर रिकॉर्ड 23वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाया। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज अल्कारेज को उन्होंने 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से हराया। वह रिकॉर्ड 23वें ग्रैंड स्लैम खिताब से एक शॉट पीछे है। अल्कारेज ने इस दौरान शानदार शॉट लगाकर दूसरे सेट को अपने नाम किया। लेकिन इसके बाद उन पर थकान हावी हो गया और ग्रैंड स्लैम में अपना 45वां सेमीफाइनल खेल रहे विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सर्बिया के खिलाड़ी को जीत दर्ज करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अल्कारेज ने थकान और मांसपेशियों की खिंचाव से निपटने के लिए ब्रेक का सहारा लिया लेकिन इससे उन्हें कोई फायदा नहीं हुआ।*



## श्रीलंका : वनडे वर्ल्ड कप टीम का ऐलान, पथीराना की एंट्री

एजेंसी ▸▸ गॉल

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इसी साल भारत में खेले जाने वाले 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले 'जूनियर मलिंगा' यानी मथीशा पथीराना को भी जगह मिली है। वहीं सीनियर बल्लेबाज एंजलो मैथ्यूज़ को वर्ल्ड कप टीम में शामिल नहीं किया गया है। गौरतलब है कि श्रीलंका की टीम सीधे 2023 वनडे वर्ल्ड कप में नहीं पहुंच सकी है।



### श्रीलंकाई टीम

*दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस (उपकप्तान और विकेटकीपर), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, चरित असालंका, धनंजय डि सिल्वा, सदीरा समरविक्रमा (विकेटकीपर), वानिंदु हसरंगा, चमिका करुणारत्ने, दुशमंथा चमीरा, कसुन राजिथा, लाहिरू कुमारा, महेश थीक्षणा, मथीशा पथिराना और दुशान हेमंथा।*

# यूएस के पास है कई यूएफओ के पायलट्स की डेडबॉडी और उड़नतश्तरियों का मलबा

## अमेरिकी एयरफोर्स के पूर्व पायलट और इंटेलिजेंस अफसर डेविड चार्ल्स ग्रुश का सनसनीखेज दावा

**बोले** - धरती के बाहर भी है जीवन, अमेरिका सीक्रेट मिशन में जुटा, रिवर्स इंजीनियरिंग के जरिए बना रहा बेजोड़ हथियार

**वाशिंगटन ■ एजेंसी**

अमेरिकी एयरफोर्स के एक पूर्व पायलट और इंटेलिजेंस अफसर ने दावा किया है कि पृथ्वी के बाहर भी जीवन है। इतना ही नहीं, इस अफसर का दावा है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के पास दूसरे ग्रह से जुड़ी बेहद खुफिया और अहम जानकारियां हैं। इस इंटेलिजेंस अफसर का नाम डेविड चार्ल्स ग्रुश है। उनके मुताबिक अमेरिकी इंटेलिजेंस के पास उड़नतश्तरियों (यूएफओस) के पायलट्स की डेड बॉडीज और इन यूएफओस का मलबा मौजूद है। अमेरिकी साइंटिस्ट्स रिवर्स इंजीनियरिंग के जरिए इनका इस्तेमाल बेजोड़ हथियार बनाने में करना चाहते हैं।



### डेविड चार्ल्स ग्रुश कौन हैं और क्यों है इनके दावों में इतना वजन

डेविड चार्ल्स ग्रुश अफगानिस्तान में एक लड़ाकू अधिकारी थे। वे यूएस नेशनल जियोस्पेशियल-इंटेलिजेंस एजेंसी और यूएस नेशनल टोही ऑफिस के भी अनुभवी हैं। उन्होंने अमेरिकी रक्षा विभाग के अंदर अनआइडेंटिफाइड एयरोस्पेस फेनोमेना (यूएपी) के रिसर्च का नेतृत्व किया, जो यूएफओ के लिए आधिकारिक शब्द है। ग्रुश ने बताया कि अमेरिका के पास ऐसे कई गैर मानव निर्मित क्रॉफ्ट हैं, जो या तो पृथ्वी पर उतरे या यहां दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया विभाग में 14 साल की लंबी नौकरी के बाद उन्होंने अप्रैल में इस्तीफा दे दिया था।

### पहली बार खुलासा, मजबूत दावा

अन आईडेन्टिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स (यूएफओ) को हिंदी में उड़नतश्तरी कहा जाता है। करीब 70 साल से इनको लेकर कई कहानियां सुनने को मिलती रही हैं। ग्रुश से पहले भी कई लोग इन्हें देखने का दावा कर चुके हैं। बहरहाल, ग्रुश का दावा इसलिए वजनदार लगता है, क्योंकि वो अमेरिकी एयरफोर्स में पायलट रह चुके हैं। बाद में इसी यूएफओ सेक्शन में वो इंटेलिजेंस ऑफिसर भी रहे। अब व्हिसल ब्लोअर बन चुके हैं और अमेरिकी सरकार से उनकी मांग है कि इस मिस्ट्री को दुनिया के सामने लाया जाए।

### 'नॉन ह्यूमन्स' का वजूद मौजूद

ग्रुश ने एक अमेरिकी टीवी चैनल को इंटरव्यू दिया। यूएफओ से जुड़े कई खुलासे किए। कहा, अमेरिकी डिफेंस साइंटिस्ट कई साल से प्रोजेक्ट यूएफओ पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कई यूएफओस को या तो मार गिराया या फिर वो खुद ही क्रैश हो गए। इनका मलबा बरामद किया गया। इनके पायलट्स की डेड बॉडीज बरामद की गई। ये सभी एक स्पेशल यूनिट के पास हैं। ग्रुश आगे कहते हैं, इसमें कोई दो राय नहीं कि 'नॉन ह्यूमन्स' का वजूद मौजूद है। अमेरिका के पास इसके पुख्ता सबूत हैं।

### रिवर्स इंजीनियरिंग पर चल रहा है काम

यूएफओस में मौजूद लोगों को आप कोई भी नाम दे सकते हैं। कुछ लोग इन्हें एलियन भी कहते हैं। मैं खुद पहले एयरफोर्स और बाद में नेशनल जियोस्पेक्टिल इंटेलिजेंस एजेंसी में रहा। अमेरिका और शायद कुछ दूसरे देश एक नई तरह की आर्म्स रेस में शामिल हैं। अमेरिका तो यूएफओस की रिवर्स इंजीनियरिंग के काफी करीब है।







### भारत में 1951 में पहली बार दिखा यूएफओ

1951 में दिल्ली में फ्लाइंग क्लब के मेंबर्स ने एक ऑब्जेक्ट को आसमान में देखा। ये सिगार के आकार का था। थोड़ी देर दिखने के बाद यह आसमान में गायब हो गया। ऐसे ज्यादातर ऑब्जेक्ट्स 21वीं सदी की शुरुआत में देखे गए थे। उसके बाद कैमकॉर्डर से ऐसी घटनाओं को रिकॉर्ड करने वाले लोगों की संख्या बढ़ती चली गई। 29 अक्टूबर 2017 को एक तेजी से उड़ते हुए चमकीले ऑब्जेक्ट को कोलकाता के पूर्वी छोर पर देखा गया। इसको कैमकॉर्डर से रिकॉर्ड भी किया गया था। हालांकि बाद में इसकी पहचान प्लैनेट वीनस के रूप में हुई। 2013 के बाद से चेन्नई से लखनऊ तक ऐसे ऑब्जेक्ट्स को देखना काफी कॉमन हो गया था। ये ऑब्जेक्ट्स बुलेट के आकार के होते थे और रात में दिखाई देते थे। इन्हें करीब 10 मिनट तक आसमान में घूमते हुए देखा गया।

### संसद को सबूत भी देंगे

ग्रुश ने कहा है कि वो अमेरिकी कांग्रेस और इंटेलिजेंस कम्युनिटी इंस्पेक्टर जनरल को यूएफओ से जुड़े दावों के सबूत भी देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, यूएफओस के पायलट्स की डेड बॉडीज और इसके पार्ट्स पर अमेरिका बहुत लंबे वक्त से काम कर रहा है।

### पेंटागन की स्पेशल यूनिट के मेंबर रह चुके हैं ग्रुश

ग्रुश पेंटागन की स्पेशल यूनिट अन-आईडेन्टिफाइड फिनोमिना (यूएपी) के मेंबर थे। इसकी एक यूनिट समंदर की गहराई में काम करने वाले कुछ सीक्रेट ऑब्जेक्ट्स पर भी काम करती रही है। ग्रुश के मुताबिक मैंने कभी यूएफओ पायलट्स की डेड बॉडीज या यूएफओ के पार्ट्स नहीं देखे। वहां सिर्फ चुनिंदा अफसर ही जा सकते हैं।

---

### यूएनओसीटी के नए यूएन आफिस स्पेन में खुला

**मैड्रिड, (एजेंसी)।** स्पेन के आंतरिक मंत्री फर्नांडो ग्रांडे-मार्लास्का, विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बरेस व संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधी कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव ने मैड्रिड में यूएनओसीटी के एक नए कार्यालय का उद्घाटन किया है। फर्नांडो ग्रांडे-मारलास्का, जोस मैनुअल अल्बरेस और संरा अवर महासचिव, श्री व्लादिमीर वोरोन्कोव ने बुधवार को मैड्रिड में यूएनओसीटी के नए ऑफिस का उद्घाटन किया।

### पीकेके सदस्य के तुर्की प्रत्यर्पण को हरी झंडी दी

**स्टॉकहोम, (एजेंसी)।** स्वीडन के सुप्रीम कोर्ट ने कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के एक समर्थक के तुर्की में प्रत्यर्पण को हरी झंडी दे दी है। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वीडिश अखबार आफ्टोनब्लाडेट ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह के पहले प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। स्वीडिश सरकार को अब प्रत्यर्पण पर फैसला करना होगा। अंकारा पीकेके को एक आतंकवादी संगठन मानता है।

### द. कोरिया को रूसी-चीनी जेट के प्रवेश पर आपत्ति

**सोल, (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया ने रूस और चीन के सैन्य विमानों के बिना सूचना के अपने हवाई रक्षा पहचान क्षेत्र (काडीज) में प्रवेश करने पर 'कड़ा विरोध' जताया है और उनसे भविष्य में इस तरह की हरकत नहीं करने का अनुरोध किया है। द. कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि चार रूसी व चार चीनी सैन्य जेट देश के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किए बिना कुछ समय के लिए द. कोरिया के काडीज में प्रवेश कर गए।

### ट्रेन हादसे में पीड़ित परिवारों की मदद करेंगे सोनू सूद

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ओडिशा ट्रेन हादसे में पीड़ित परिवार की मदद करेंगे। सोनू ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह कह रहे हैं, 'दोस्तों पिछले कुछ समय से हम लोग पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से ऐसे परिवार हैं, जो ओडिशा ट्रेन दुर्घटना से बहुत ज्यादा प्रभावित हुए हैं। सोनू सूद ने कहा, 'उन लोगों की मदद करने के लिए हमने एक हेल्पलाइन नंबर 9967567520 जारी किया है, जिसे मैं आप लोगों के साथ शेयर कर रहा हूं। इस नंबर पर आप हमें पीड़ित परिवार से कनेक्ट कर सकते हैं, तो प्लीज इस पर मैसेज भेजिए।

### आज का इतिहास

- 1557: इंग्लैंड ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1655: यहूदियों ने रोम के खिलाफ बगावत की।
- 1658: औरंगजेब ने आगरा के किले पर कब्जा किया।
- 1707: बादशाह मुअज्जम (शाह आलम) ने आगरा के समीप जजाउ क्षेत्र में उत्तराधिकार की लड़ाई में बादशाह आजम को हराया।
- 1786: आइसक्रीम के लिए व्यावसायिक तौर पर पहला विज्ञापन बनाया गया।
- 1869: शिकागो के आइविस डब्ल्यू मैकजैफी के पहले वैक्यूम क्लीनर का पेटेंट हुआ।
- 1936: भारत के सरकारी रेडियो नेटवर्क का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो रखा गया।
- 1948: भारत की पहली विमान सेवा एयर इंडिया ने भारत और ब्रिटेन के बीच हवाई सेवा में शुरू की।

---

# सरकार ने मांगा 15 जून तक का समय

## पहलवानों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर होंगी वापस

**खेल मंत्री ठाकुर ने पहलवानों संग की मुलाकात**

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोले पहलवानों की बैठक खत्म हो गई है। छह घंटे की मैराठन बैठक के दौरान बुधवार, को सरकार ने पहलवानों को 15 जून तक पुलिस कार्रवाई पूरी होने और चार्जशीट दाखिल होने का आश्वासन दिया। साथ ही पहलवानों पर से 28 मई को दर्ज हुए एफआईआर भी वापस लेने की बात कही गई। पहलवानों ने इसके साथ ही 15 जून तक धरने को स्थगित कर दिया। वहीं फेडरेशन का चुनाव 30 जून तक हो जाएगा।

बैठक के बाद बजरंग पूनिया ने मीडिया को बताया कि सरकार ने पुलिस की कार्रवाई 15 जून तक पूरी करने की बात कही है। धरने में हिस्सा ले रहे महिला, पुरुष खिलाड़ियों की सुरक्षा की भी बात कही है और 28 मई की रात को हम पर जितने भी मामले दर्ज हुए हैं वह वापस लेने की भी बात कही है। उन्होंने 15 जून तक धरने को स्थगित होने की जानकारी देते हुए कहा कि हमारा प्रदर्शन खत्म नहीं हुआ है। हमारा प्रदर्शन चलता रहेगा। अनुराग ठाकुर बोले, पहलवानों से छह घंटे लंबी चर्चा हुई खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहलवानों से मेरी 6 घंटे लंबी चर्चा हुई। हमने पहलवानों को आश्वासन दिया है कि 15 जून तक जांच पूरी कर ली जाएगी और चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी। डब्ल्यूएफआई के चुनाव 30 जून तक कराए जाएंगे। कुश्ती महासंघ की एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता एक महिला करेगी। पहलवानों के खिलाफ सभी एफआईआर वापस ली जाएगी।

### नाबालिग पहलवान ने आरोप लिए वापस, पिता बोले- लालच में नहीं, डर की वजह से बयान बदले

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष रहे और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप नाबालिग पहलवान ने वापस ले लिए हैं। नाबालिग पहलवान के पिता बोले- लालच में नहीं, डर की वजह से बयान बदले है। नाबालिग पहलवान ने अपने दो बयानों में बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न और स्टॉकिंग के आरोप लगाए थे। नाबालिग पहलवान ने एक बयान पुलिस के सामने और दूसरा बयान सीआरपीसी की धारा 164 के तहत कोर्ट में देकर आरोप लगाए थे। पुलिस पोक्सो और छेड़छाड़ का मामला दर्जकर जांच कर रही थी।

---

# ट्रेन हादसा डीएनए परीक्षण के लिए दिल्ली भेजे गए 33 सैंपल

**भुवनेश्वर, (एजेंसी)।** एक शव के लिए कई दावों के बीच ओडिशा सरकार ने मृतकों की पहचान करने के लिए डीएनए परीक्षण के लिए एम्स नई दिल्ली को 33 सैंपल भेजे हैं। एक तरफ जहां कुछ शवों पर दावा करने वाला कोई नहीं है, वहीं कई शव ऐसे है, जिनपर कई लोग अपने परिवार का सदस्या होने का दावा कर रहे हैं। भुवनेश्वर की मेयर सुलोचना दास ने कहा कि चूंकि शव बहुत बुरी स्थिति में हैं, इसलिए परिवार के सदस्यों को पहचान करने में भी मुश्किल हो रही है।



मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, सुलोचना ने कहा, हम सभी प्रयास कर रहे हैं ताकि रिश्तेदारों को परेशानी मुक्त तरीके से अपने प्रियजनों का शव मिल सके। उन्होंने बताया कि 33 शवों और उनके दावेदारों के सैंपल डीएनए परीक्षण के लिए एम्स दिल्ली भेजे गए हैं। दास ने कहा कि एक बार रिपोर्ट उपलब्ध होने के बाद, शवों को वास्तविक दावेदारों को सौंप दिया जाएगा। मेयर ने आगे कहा कि अन्य अस्पतालों की मोर्चरी में रखे 39 शवों को मंगलवार रात एम्स भुवनेश्वर लाया गया और अब पहचान के लिए छोड़े गए सभी 88 शवों को चार बड़े कंटेनरों में सुरक्षित रखा गया है।

पश्चिम बंगाल के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उनके बेटे का शव दो दिन पहले बिहार के किसी व्यक्ति को सौंपा गया है। कई अन्य लोग अपने प्रियजनों का पता नहीं लगा पा रहे हैं जो 2 जून को ट्रेनों में यात्रा कर रहे थे। राज्य सरकार ने एम्स और अन्य अस्पतालों में हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं जहां यात्रियों का इलाज चल रहा है।

---

**Filmi तड़का**



# बिग बी ने किया खुलासा

## आखिर क्यों नंगे पैर फैंस से करते हैं मुलाकात

**मुंबई, (आरएनएन)।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने इस बात का खुलासा किया है कि वह हर रविवार को घर के बाहर नंगे पैर अपने प्रशंसकों का अभिवादन क्यों करते हैं।

अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर अपने घर के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने गर्मी की वजह से बाहर रखे पीने के पानी की तस्वीरें भी साझा कीं।

उन्होंने लिखा, मैंने महसूस किया कि वे (फैंस) इस चिलचिलाती गर्मी में घंटों इंतजार करते हैं, इसलिए प्यास बुझाने के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए 4 कंटेनर, 2 गेट के दोनों ओर मटके के ऊपर मटका रखा रहता है, जो दिन और रात के दौरान स्थायी रूप से होता है। स्टार ने उल्लेख किया कि वह नंगे पैर प्रशंसकों का अभिवादन क्यों करते है? मुझसे हमेशा यह पूछा जाता है कि नंगे पैर प्रशंसकों से मिलने कौन जाता है? मैं उनसे कहता हूं, मैं जाता हूं..आप मंदिर नंगे पैर जाते हैं..मेरे शुभ चिंतक मेरे लिए मंदिर के समान हैं!! मै भी अपने भगवान से मिलने मंदिर जाता हूं, वह भी बगैर चप्पल पहने।

# मंदिर के अंदर कृति सेनन को किस कर घिरे 'आदिपुरुष' के डायरेक्टर ओम



**मुंबई, (आरएनएन)।** फिल्म आदिपुरुष पिछले कई महीनों से काफी चर्चा का विषय बनी हुई है। ओम राउत के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने सबका ध्यान खींचा है। इस फिल्म में प्रभास श्रीराम का तो कृति सेनन सीता की भूमिका निभाने वाली हैं। जैसे-जैसे इस फिल्म की रिलीज डेट नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे इस फिल्म के स्टारकास्ट से जुड़ी कई खबरें सामने आ रही है। वहीं इस फिल्म के रिलीज होने से पहले निर्देश ओम राउत फिल्म की टीम के साथ 7 जून को तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर पहुंचे थे। ओम राउत के साथ एक्ट्रेस कृति सेनन ने भी मंदिर पहुंची थीं। ओम राउत के मंदिर दर्शन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो के कारण निर्देशक ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए हैं। दरअसल, इस वीडियो में ओम राउत एक्ट्रेस कृति सेनन को तिरुमाला मंदिर के प्रांगण में किस करते और गले मिलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में आदिपुरुष की टीम मंदिर के प्रांगण में खड़ी दिखाई दे रही है। वीडियो में कृति सबसे विदा लेते नजर आ रही हैं। इसी बीच ओम राउत कृति को गले मिलते और गाल पर किस करते हैं। सोशल मीडिया यूजर्स मंदिर के अंदर ऐसा अफेक्शन दिखाने पर सवाल उठा रहे हैं। मंदिर एरिया में इस तरह की हरकत करने पर सोशल मीडिया यूजर्स निर्देशक और एक्ट्रेस पर आपत्ति जता रहे हैं। लोगों का कहना है कि मंदिर के पास इस तरह की हरकत ने उनकी धार्मिक आस्था और भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। यह पश्चिम कल्चर है, जो बॉलीवुड में बेहद आम हो चुका है। वहीं वायरल हो रहे इस वीडियो की आंध्र प्रदेश के बीजेपी राज्य सचिव रमेश नायडू ने भी निंदा की है। इस मुद्दे पर बोलते हुए रमेश नायडू ने एक ट्वीट किया था, जिसे उन्होंने अब डिलीट कर दिया है। वीडियो की एक क्लिप शेयर करते हुए रमेश नायडू ने लिखा था, क्या पवित्र जगह पर ऐसी हरकतें करना जरूरी है?

### कृति की कमर पकड़ने में झिझक रहे थे प्रभास, वीडियो ने जीता फैंस का दिल



आदिपुरुष के एक प्रमोशनल इवेंट का वीडियो इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्रभास कृति सैनन की कमर पर हाथ रखने में झिझक रहे हैं। ट्रेलर लॉन्च के वीडियो ने जीता फैंस का दिल। फिल्म आदिपुरुष की रिलीज से चंद दिन पहले मेकर्स ने इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर रिलीज किया और इस मेगा इवेंट में शो की स्टार कास्ट से लेकर मेकर्स तक सभी मौजूद रहे। इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें प्रभास कृति सैनन और ओम राउत के साथ तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। क्राउड के सामने की तरफ से सभी साथ में खड़े नजर आ रहे हैं लेकिन पीछे की तरफ से कैमरे ने कुछ ऐसा रिकॉर्ड किया जो साबित करता है कि कैसे प्रभास एक परफेक्ट हसबैंड मैटेरियल है।

---

# कुख्यात माफिया संजीव जीवा की कोर्ट में गोली मारकर हत्या

## एक हत्यारा गिरफ्तार, बच्ची भी मारी गई

**लखनऊ ■ ब्यूरो**

उप्र की राजधानी के वजीरगंज थाना क्षेत्र में वकील की ड्रेस में आए कुछ बदमाशों ने लखनऊ की कचहरी में पेशी पर आए गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी उर्फ संजीव जीवा की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मुख्तार अंसारी का करीबी संजीव जीवा इस समय कृष्णानंद राय की हत्या के मामले में लखनऊ जेल में बंद है और बुधवार को लखनऊ में पेशी पर आने पर वकील की ड्रेस में आए बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी है।





हमलावर जौनपुर के केराकत निवासी विजय यादव ने बुधवार को वकील की ड्रेस में एससी-एसटी कोर्ट में मुख्तार के शूटर जीवा की गोली मारकर हत्या कर दी।

घटना के बाद लखनऊ की कचहरी में इस समय अफरा-तफरी का माहौल था। एक बच्ची की भी गोली लगने से मौत हो गई और चार-पांच लोग घायल हो गए, जिसमें एक पुलिसकर्मी भी शामिल है जिसके बाद वकीलों ने कचहरी में हंगामा और पथराव किया। वकीलों ने हत्यारोपी को बुरी तरह से घायल कर दिया है। पुलिस उसे वकीलों से बचा कर ले गई है। संजीव जीवा मुजफ्फरनगर का मूल निवासी था। बताया जाता है कि संजीव जीवा की बुधवार को लखनऊ की एससी-एसटी कोर्ट में पेशी पर आया था जहां चार-पांच बदमाशों ने वकील की ड्रेस में आकर अदालत में घुसकर उस गोली मारकर हत्या कर दी। एससी एसटी कोर्ट के न्यायाधीश नरेंद्र कुमार की कोर्ट में बुधवार को पेशी हुई थी, जहां वकीलों के भेष में आए बदमाशों ने कोर्ट में घुसकर संजीव जीवा की हत्या की। कोर्ट में चारों तरफ खून बिखरा हुआ था।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने नोएडा में टिफिन पर की चर्चा

**नोएडा, (आरएनएन)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नोएडा में पदाधिकारियों के साथ अपना टिफिन शेयर करके बैठक की। इस मौके पर जेपी नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक स्वाभाविक है, इसमें प्रधानमंत्री के सुझाव पर ऐसी बैठकों को टिफिन बैठक में तब्दील किया है, जिसमें सभी कार्यकर्ता अपने घर से टिफिन लेकर आते हैं। सामूहिकता में चर्चा होती है। पार्टी को कैसे मजबूत किया जाए, इस पर बात होती है। पीएम मोदी के कार्यों को किस तरह जनता के बीच ले जाएंगे उसकी चर्चा करते हैं।

# अमेरिका जाते वक्त इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी, एअर इंडिया ने दूसरी फ्लाइट भेजी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रूस के मगदान में फंसे भारतीय यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां शाकाहारियों को खाने के नाम पर सूप और रोटी दी गई साा ही सभी यात्रियों को जमीन पर सोने के लिए मजबूर होना पड़ा। ये यात्री मंगलवार को नई दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के लिए एअर इंडिया की फ्लाइट से रवाना हुए थे। इंजन में खराबी के कारण रूस के मगदान एयरपोर्ट पर इस फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। अब यात्रियों को सैन फ्रांसिस्को पहुंचाने के लिए एअर इंडिया की फ्लाइट मुंबई से रवाना हुई है।

**रूस में भारतीय यात्रियों को सूप-रोटी मिली, जमीन पर सोए**





### अमेरिका फ्लाइट पर रखे है नजर

अमेरिकी सरकार ने भी कहा कि वह फ्लाइट डायवर्ट की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। अमेरिकी फॉरेन डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल डिप्टी स्पोक्सपर्सन वेदांत पटेल ने कहा कि यह नहीं पता कि विमान में कितने अमेरिकी नागरिक थे। यह फ्लाइट सैन फ्रांसिस्को आ रही थी, जाहिर है इसमें कुछ अमेरिकी भी होंगे।

# भाजपा के खिलाफ 23 जून को पटना में होगा विपक्ष का जमावड़ा

**नई दिल्ली, (आरएनएन)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा के खिलाफ सभी राजनीतिक दलों की प्रस्तावित बैठक की नई तारीख तय कर ली गई है। पटना में 23 जून को सभी राजनीतिक दलों की महाबैठक होगी।

जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष लल्लन सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 12 जून को पटना में विपक्षी दलों की एक बैठक आयोजित की गई थी, लेकिन उस दिन कई नेताओं को इसमें शामिल होने पर असुविधा हो रही थी।

अब 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक होगी। इसे लेकर सभी दलों में सहमति बन गई है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष को एकजुट करने की जिम्मेदारी ली है। इसके लिए वह एक-एक कर राजनीतिक दलों के प्रमुखों से मुलाकात कर रहे हैं।

### विपक्षी नेताओं को एकजुट करने नीतीश कुमार ने संभाली कमान

बैठक में कांग्रेस पार्टी से मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी ने शामिल होने की सहमति दे दी है। साथ ही बंगाल सीएम ममता बनर्जी, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादल, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, उद्धव ठाकरे, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, तमिलनाडु के सीएम स्टालिन, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, सीपीआई के सचिव डी राजा, सीपीएम सीताराम येचुरी, माले सचिव दिपांकर भट्टाचार्य ने भी मीटिंग में शामिल होने की सहमति दे दी है।

# डीएम ने ग्राम चौपाल में सचिव को लगाई फटकार, चार सफाई कर्मियों के रुके वेतन 2 हुए निलंबित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन प्राथमिक विद्यालय बयेपुर देवकली प्रथम सदर गाजीपुर मे किया गया। चौपाल में मनरेगा के कार्य में बकाया मजदूरी प्राप्त ना होने की शिकायत पर सचिव को फटकार लगाई तथा रोजगार सेवक के कार्य मे लापरवाही पर रोजगार सेवक को तत्काल हटाते हुए नये रोजगार सेवक की नियुक्ति का निर्देश दिया।

तथा 04 सफाई कर्मियों के कार्य मे लापरवाही पर वेतन रोकने तथा सुमन एवम सविता देवी को निलंबित करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय, आवास, हैंड पम्प के संचालन, वृद्धापेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, राशन वितरण, के सम्बंध में जानकारी ली एवम प्रत्येक पात्रों को योजना का लाभ दिये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आगनबॉडी केंद्र में 327 बच्चों में से 02 बच्चे के कुपोषित होने पर आश्चर्य व्यक्त किया तथा बूढ़ी एवम 60 साल के ऊपर की कार्य करने में अक्षम होने वाले आंगनवाड़ी कार्यकत्रीयो को हटा कर शिक्षित आंगनवाड़ी को नियुक्त करने का निर्देश डीपीओ को दिया। जिलाधिकारी ने बच्चों के टीकाकरण एवम ई कवच पोर्टल पर फीडिंग एवम दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। पेंशन के 06 छुटे हुए लाभार्थी को तत्काल लाभ दिलाने का निर्देश दिया। कोटेदार फूड सेफ्टी से सम्बंधित सारी नियमो का पालन करने तथा साथ साफ सफाई रखेगे। ग्राम में छूटे पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड बनाये जाने एवं छुटे हुए नामों को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बीसी सखी से गाव में किये गए कार्यो की जानकारी ली तथा गांव के ऐसे बूढ़े बुजुर्ग जो बैंक तक नही जा सकते, उनकी बैंकिंग सेवा में सहयोग करने का निर्देश बीसी सखी को दिया तथा गॉव में समूहों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया।

ग्राम चौपाल में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचने का सत्यापन किया गया। ग्राम वासियों को खुली बैठक में सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया कि निराश्रित, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन के पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए पेंशन का लाभ दिलाया जायें।प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को अध्यापकों द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता/स्तर के संबंध में भी खुली बैठक के दौरान ग्राम वासियों से सत्यापन किया गया। प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि 26 जून से स्कूल खुल रहे है एवं स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत घर-घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित कर विद्यालय में नामांकन कराया जायें। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में करायें। बैठक में हैंडपंप रिबोर, छात्रवृत्ति, मनरेगा आदि कार्यो के बारे में भी सत्यापन किया गया। व्यक्तिगत शौचालय के पात्र लाभार्थियों का आनलाईन आवेदन कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। बाल विकास की समीक्षा मे दौरान गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा पुष्टाहार वितरण की जानकारी ली तथा कोटेदार द्वारा समय से राशन बाटने एवं विजली की उपलव्धता तथा 18 घंटे विद्युत आपूर्ति पर संतोष व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक ने ग्राम पंचायत सचिवालय मे मिशन शक्ति कार्यालय की जानकारी लेते हुए ग्राम सचिवालय मे महिला पुलिस कर्मी लगाने का निर्देश कोतवाल को दिया। उन्होने लोगो से अपील किया कि गांव के ऐसे संदिग्ध तथा अपराधियों एवं शरारती तत्वों के बारे मे पुलिस को जानकारी दें जिससे अराजक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके। ग्राम मे होने वाले छोटे-मोटे विवादों मे न उलझे इस सम्बन्ध मे सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर निराकरण कराये। कार्यक्रम मे अन्त मे मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामों मे संचालित सभी योजनाओं के बारे मे विस्तार से लोगो को अवगत कराया तथा अन्य विभागो के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे मे लोगो को जानकारी दी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, उप निदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, खण्ड विकास अधिकारी सदर, समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, डी0पी0ओ0, जिला पंचायत राज अधिकारी , तहसीलदार सदर एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस पर फरियादियों ने दिये 30 प्रार्थना पत्र, 4 का मौके पर निस्तारण

प्रखर गंभीरपुर/आजमगढ़। शनिवार को थाना गंभीरपुर प्रांगण में समाधान दिवस के मौके पर उप जिलाधिकारी मेहनगर संत रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में व थाना प्रभारी गंभीरपुर विजय प्रकाश मौर्य के नेतृत्व में क्षेत्र से आए फरियादियों ने 30 प्रार्थना पत्र राजस्व संबंधी दिए जिसमें चार प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर अन्य पर टीम भेजी गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना गंभीरपुर प्रांगण में उप जिलाधिकारी मेंहनगर संत रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में व



थाना प्रभारी विजय प्रकाश मौर्य के नेतृत्व में थाना क्षेत्र से आये फरियादियों ने 30 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जिसमें 4 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया अन्य प्रार्थना पत्रों पर उप जिलाधिकारी द्वारा सख्त निदेर्शों के साथ मौके पर टीम भेजी गई श्री संत रंजन श्रीवास्तव ने राजस्व कर्मियों को हिदायत दी कि मौके पर जाकर निरीक्षण कर प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर हमें अवगत कराएं इस मौके पर थाना प्रभारी विजय प्रकाश मौर्य,सब इंस्पेक्टर मुरारी मिश्रा ,उपनिरीक्षक राज नारायण चौधरी, चौकी प्रभारी गोसाई की बाजार राकेश त्रिपाठी, लेखपाल रामप्यारे यादव, उमेश यादव, अतुल यादव, कमल, दिलीप कुमार, राधेश्याम, सुरेश चौहान सहित सभी ग्राम पंचायतों के लेखपाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कुंडा राजघराने के बडे राजा उदय प्रताप सिंह ज्ञानवापी प्रकरण में बनेंगे पैरोकार

प्रखर वाराणसी। पिछले कई महीनों से चर्चा में रहे ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर कोर्ट नित नए नए फैसले सुनाता रहता है। इसी को लेकर विश्व वैदिक सनातन संघ लगातार ज्ञानवापी प्रकरण पर अपनी पैरवी करता है। बता दें कि कुंडा प्रतापगढ़ राजघराने के बड़े राजा उदय प्रताप सिंह ने दिल्ली में विश्व बौद्धिक सनातन संघ के संस्थापक/ प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन के आवास पर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और ज्ञानवापी प्रकरण पर विस्तृत चर्चा की। विस्तृत चर्चा के बाद ज्ञानवापी से संबंधित मुकदमों की पैरवी का दायित्व स्वयं उठाने का निर्णय भी लिया। राजा उदय प्रताप सिंह ने विसेन परिवार को आश्वस्त करते हुए, यह वचन दिया कि ज्ञानवापी का मुकदमा हिंदुओं के पक्ष में आए इसके लिए हर उचित कदम उठाए



जाएंगे। किसी को ज्ञानवापी ना तो बेचने दिया जाएगा और ना ही सनातनी हिंदुओं की भावना से किसी प्रकार का खिलवाड़ करने दिया जाएगा। इसी के साथ यह भी निर्णय लिया गया कि ज्ञानवापी प्रकरण को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए वाराणसी जिला न्यायालय, प्रयागराज हाईकोर्ट एवं सर्वोच्च न्यायालय के लिए विद्वान अधिवक्ताओं की टीम सुनिश्चित की जाएगी। सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सहमति के बाद नामों की घोषणा कर दी जाएगी। आगे उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सनातनी हिंदू समाज को सतर्क एवं सजग रहने की जरूरत है, आने वाले समय में विश्व वैदिक सनातन संघ के द्वारा चलाए जा रहे धर्म युद्ध को और धार देने की आवश्यकता है। जिससे सनातनी समाज में छुपे गद्दारों पर अंकुश लगाते हुए इस्लामिक दुर्भावना से छुटकारा पाया जा सके। वही विश्व सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह ने राजा उदय प्रताप सिंह के निर्णय का खुले दिल से स्वागत किया और कहा कि जो सनातनी समाज अपने आस्था केंद्रों की रक्षा नहीं कर सकता उसका जीना धिक्कार है। हम सनातनी हिंदू आस्था के केंद्रों के लिए लड़ते रहेंगे, भले ही प्राण ही न्योछावर क्यों ना करना पड़े?

# खालिसपुर में धूमधाम से मना विजय दिवस



प्रखर पिंडरा वाराणसी। खालिसपुर स्थित पंचायत भवन पर शनिवार को श्रावस्ती सम्राट सुहेलदेव महाराज का विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान झांकी भी निकाली गई। महाराज सुहेलदेव विजय दिवस समारोह समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महाराजा सुहेलदेव व गाजी मिया की झांकी निकाली गई जो खालिसपुर गांव से लेकर रेलवे क्रॉसिंग तक गई। इस दौरान जगह जगह रथ पर सवार सुहेलदेव पर पुष्प वर्षा की गई। दूसरे सत्र में लोक संगीत के साथ वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस दौरान क्षेत्र के मेधावी छात्रों प्रियांशु यादव,रिया पटेल, सफल वर्मा,शशि यादव, श्वेता पाल व नेहा राजभर को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता उमाशंकर राजभर, स्वागत राजकुमार व धन्यवाद ग्राम प्रधान अभिलाषा राजभर ने ज्ञापित किया। इस दौरान लक्ष्मीशंकर राजभर, राकेश, उमाशंकर, गुलाब, गुड्डू, अवधेश,आनंद, इंद्रभूषण,लवकुश, इंद्रजीत,भरत भुआल, सजंय व विनोद राजभर समेत अनेक लोग रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा और सिगनस लक्ष्मी हॉस्पिटल के तत्वाधान में लगा निःशुल्क मेडिकल कैंप

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी जिले के जानी मानी सोसाइटी महावीर हाइट लहरतारा में शनिवार को सिगनस लक्ष्मी हॉस्पिटल और अंतर्राष्ट्रीय हिंदु महासभा के द्वारा निःशुल्क हेल्थ कैंप लगा जिसमे ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, फिजियोथेरेपी, वेट,हड्डी एवम हर्ट संबंधित जांच हुई यहां मुख्य रूप से डाक्टर दीपक राय (आर्थो), भूपेंद्र वर्मा (कार्डियो), डाक्टर रवि, डा मनीष सिंह, डा अनुपम (फिजियो) से सलाह लिया गया` सिगनस मैनेजर आशुतोष राय एवम अंतर्राष्ट्रीय हिंदु महासभा के प्रदेश महासचिव संपूर्णा नंद पांडे ने सभी डाक्टर को निःशुल्क सेवा देने के लिए धन्यवाद दिया और कहा की समय समय पे गांव और शहर में निःशुल्क कैंप और लगेगा। पांडेय जी ने खासतौर पे महावीर हाइट सोसाइटी के संचालक मंडल के सदस्य संजय शाह और टीम को भी धन्यवाद दिया जो सोसाइटी में निःशुल्क जगह प्रदान भी किया संजय शाह ने सभी लोग को निःशुल्क कैंप में आने के लिए धन्यवाद दिया।

# डीआरएम ने किया यूसूफपुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को वाराणसी मंडल के डीआरएम रामाश्रय पांडेय यूसुफपुर रेलवे स्टेशन पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। अपने विशेष सलून पर बैठकर वाराणसी से गाजीपुर होते हुए रेलवे स्टेशन यूसुफपुर डीआरएम रामाश्रय पांडे के पहुंचते ही स्थानीय रेलवे प्रशासन में खलबली मच गई। मौके पर उपस्थित स्टेशन मास्टर ने बुके देकर उनका स्वागत किया। डीआरएम ने रेलवे स्टेशन पर हो रहे



कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया, तथा मौके पर उपस्थित ठेकेदार को निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान देते हुए कार्य को शीघ्रता पूर्वक पूरा करने का निर्देश दिया। वही डीआरएम को स्थानीय व्यापारियों एवं नगर वासियों की तरफ से फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा नेता संदीप कुमार गुप्ता ने 5 सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि गाजीपुर एवं बलिया के बीच यूसुफपुर रेलवे स्टेशन ही रेलवे को सबसे अधिक आय देने वाला स्टेशन है, लेकिन यहां के लोगों की समस्याओं पर किसी का ध्यान नहीं है। यह कहा कि कोरोनावायरस काल के दौरान यहां रुकने वाली कई ट्रेनों का ठहराव उसी समय से बंद कर दिया गया, जो आज तक चालू नहीं हुआ है। यह मांग किया कि यूसुफपुर रेलवे स्टेशन पर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, बलिया से वाराणसी तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का ठहराव तथा छपरा से हावड़ा तक चलने वाली ट्रेन वाराणसी तक किया जाए। भृगु सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन जो करीमुद्दीनपुर जैसे छोटे स्टेशन पर तो रूकती है, लेकिन यह यूसुफपुर नही रुकती। इन सभी ट्रेनों का ठहराव यूसुफपुर रेलवे स्टेशन पर किया जाए। जिससे यहां के व्यापारियों एवं आम जनता को लाभ प्राप्त हो सके। मांग पत्र पर डीआरएम ने आश्वासन दिया कि आप लोगों की मांगों को पूरा करने में मैं पूरा प्रयास करूंगा। इस मौके पर रेलवे के कर्मचारी सीएस महेंद्र श्रीवास्तव, भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, के अलावे सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 9वें विश्व योग दिवस का 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल संग सृजन संस्था द्वारा अस्सी घाट पर आगाज

प्रखर वाराणसी। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को विश्व योग दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी, इसके बाद साल 2015 से इस दिन को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तौर पर मनाया जाने लगा। 21 जून विश्व योग के उपलक्ष में आज अस्सी घाट पर 95 बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार बृक्ष की अध्यक्षता में एवं अनिल कुमार सिंह गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड एंबेसडर उत्तर प्रदेश के सहयोग से सुबह 6:00 बजे 7:00 बजे तक योग कार्यक्रम कराया गया आज 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल पहाड़िया ने विश्व योग दिवस का आगाज किया, इसका मुख्य उद्देश्य है ऑफिसर व जवान को शारीरिक रूप से और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना तथा आम जनमानस को योग के प्रति जागरूक करना है



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हंसराज विश्वकर्मा एमएलसी थे तथा विशिष्ट अतिथि योग गुरु श्री विजय मिश्रा,डाक्टर रत्नेश वर्मा,संस्थापक और सचिव ,सुबह ए बनारस आनंद कानन एवं मनीष पांडे, श्रेया सिंह थी।इस अवसर पर योग गुरु द्वारा जवान को प्राणायाम करने के लिए बताया गया जिसमें प्रमुख तौर पर कपालभाति, अनुलोम-विलोम ब्राह्मणी, ओम व्यायाम आदि कराए गए मुख्य अतिथि के द्वारा द्वारा प्राणायाम व्यायाम के फायदे ऑफिसर व जवानों को बताया। अनिल कुमार सिंह अध्यक्ष सृजन समाज विकास न्यास ने कार्यक्रम के दौरान है वहां पर उपस्थित सभी लोगों को योग,जल संरक्षण, स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।कार्यक्रम के अन्त में अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन ने वहां पर उपस्थित आम जनमानस व ऑफिसर, जवानों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किये।इस अवसर पर श्री नितिद्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी, उप कमांडेंट उमाकांत ओझा, सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह निरीक्षक बालजी यादव एवं प्रवीण सिंह के साथ वाहिनी के तमाम जवानों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा श्री संजय अलंग रायपुर, यशोवर्धन पाठक डिप्टी कमिश्नर जीएसटी एवं अस्सी घाट पर उपस्थित 7 महिला,सृजन समाजिक विकास न्यास दिव्या केजरीवाल मीनू सरोज गीता राधा अनीता अंजू शारदा द्रोपदी प्रगति उर्मिला सरिता विभापारुल,पल्लवी,वायोना,कवि, करन,तीर्थयात्री तथा आम जनमानस ने बढ़ाया।

# जी-20 बैठक के दौरान एनडीआरएफ रहेगी तैनात

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। वाराणसी में 11 से 13 जून तक जी-20 के होने वाले डेवलपमेंट मिनिस्टर्स की बैठक के आयोजन के दौरान एनडीआरएफ की टीमों को मनोज कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक,11 एनडीआरएफ वाराणसी के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन वाराणसी से समन्वय के साथ तैनात किया जा रहा है `एनडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू मोटर बोट, वाटर एंबुलेंस और बचावकर्मियों के साथ वाराणसी के गंगा नदी के घाटों पर मौजूद होंगे। इन टीमों में गोताखोर, पैरामेडिक्स, डीप डाइविंग सेट, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय व अन्य बचाव उपकरण शामिल होगें इसके साथ ही जी-20 के बैठक वाले स्थानों पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की विशेष प्रशिक्षित सीबीआरएन (केमिकल, बायोलोजिकल, रेडिओलोजिकल और न्यूक्लियर) टीम तथा सीएसएसआर (कोलैप्स सट्रकचर सर्च एन्ड रेस्क्यू) टीम



को अत्याधुनिक राहत-बचाव उपकरणों के साथ तैनात किया जाएगा जो कि किसी भी प्रकार की आपदाओं के दौरान राहत-बचाओ ऑपरेशन को पूरा करने में सक्षम होगी। मनोज कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक, 11 एनडीआरएफ ने बताया कि यह हमारे लिए विशेष गर्व का विषय है कि जी-20 के दुनियाभर के प्रतिनिधि पुनः वाराणसी आ रहे हैं और उनकी सुरक्षा का दायित्व हमें मिला है` काशी दुनिया का सर्वाधिक प्राचीन शहर है तथा यहां का आतिथ्य उन्हें काशी और भारत देश की अच्छी छवि में ले जाने के लिए प्रेरित करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अनियन्त्रित बाइक पलटी तीन घायल एक की इलाज के दौरान मौत

प्रखर चन्दवक जौनपुर। क्षेत्र के वाराणसी आजमगढ़ मार्ग पर गोमती पुल के समीप अपाची सवार तीन युवक अपने घर से चन्दवक तेज रफ़्तार से जा रहे थे की गोमती नदी पुल से सौ मीटर दुरी पर मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क कर किनारे 15फीट खाई मे जा गिरी जिससे अमरनाथ निषाद पुत्र रविंद्र निषाद(20) वर्ष शनि पुत्र राजेश निषाद (19) वर्ष राज गौरव पुत्र सुरेंद्र (20) वर्ष तीनो गंभीर रूप से घायल हो गये सुचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे मे लेकर तीनो को सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र बीरीबारी भेज दिया जहा डाक्टरो की टीम ने अमरनाथ निषाद की हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया है। वही वाराणसी डाक्टरो ने अमर नाथ निषाद को मृत घोषित कर दिया उसकी मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे काशी



प्रखर वाराणसी। लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर बिहार रोहतास जाने से पहले भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। प्रमुख रूप से दिलीप पटेल विद्यासागर राय हंसराज विश्वकर्मा रणविजय सिंह प्रबोध नारायण सिंह प्रोटोकॉल प्रभारी भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा शैलेश पांडे भी उपस्थित थे।

### केवी 39 जीटीसी में जी 20, नेप 20 व एफएलएन पर आधारित जनभागीदारी कार्यक्रम का वर्चुअल आयोजन

प्रखर वाराणसी। केंद्रीय विद्यालय 39 जीटीसी वाराणसी में शनिवार को जी 20, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (नेप 20) व बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) पर आधारित जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत वर्चुअल आयोजन किया गया। कुल 82 लोगों ने शामिल होकर अपनी बात रखी। बता दें कि जनभागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत बीपी गुप्त (पीजीटी, भूगोल) और इमरान अंसारी (पीजीटी अर्थशास्त्र) द्वारा




जी 20 अध्यक्षता पर जागरूकता विषय पर एक वर्चुअल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जी 20 सहित तमाम विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस वर्चुअल मीटिंग में करीब 82 लोग शामिल हुए। विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी द्वारा अपनी जिज्ञासा दिखाई और उन्हें अध्यापकों द्वारा संतुष्ट किया गया। वर्चुअल कार्यक्रम के अंत में समन्वयक एम हसन द्वारा सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

### गजोखर नवोदय में लगी आग, सैकड़ों पेड़ हुये खाक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के गजोखर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शनिवार की दोपहर में पश्चिमी छोर स्थित वन क्षेत्र में आग लगने से जहाँ सैकड़ो पेड़ पौधे जलकर राख हो गए वही अन्य औषधीय पौधे भी जल गए। बताते हैं कि दोपहर 12 बजे के अचानक स्टॉप रूम



के पश्चिमी दिशा के तरफ स्थित वन क्षेत्र में आग की लपेटे उठने लगी। आनन फानन में नवोदय के छात्र छात्राये अपने हॉस्टल से दहशत में बाहर आ गई और स्टॉप के साथ छात्र भी आग को बुझाने में लग गए। इसी बीच सूचना पर फूलपुर पुलिस व अग्निशमन विभाग के लोग भी पहुच गए और आग पर काबू पाया। लगभग 5 एकड़ में वन विभाग द्वारा लगाए गए सैकड़ो पौधे लगाए गए थे। जो आग में खत्म हो गए।

### कर्मवीर रामदौर को पत्नी शोक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। समाचार पत्र के अधिकृत विक्रेता व पिंडराई निवासी रामदौर प्रजापति के 53 वर्षीय पत्नी चिंता देवी का शनिवार को अलसुबह बीमारी के चलते मौत हो गई। पत्नी के मौत की सूचना पर तमाम पत्रकार, हॉकर, ग्राम प्रधान व गणमान्य लोग उनके घर पहुचे और शव यात्रा में शामिल हुए। वही पिंडरा में कर्मबीर के पत्नी के निधन के शोक में हॉकरों ने अजित मिश्रा के अध्यक्षता में शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखा। वही शनिवार को पिंडरा क्षेत्र में किसी भी अखबार का वितरण नही हुआ।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं